Website : www.mantrabharat.com

जुनून है सच लिखने का

E-Mail : mantrabharatmumbai@gmail.com, Mo. 7007837917

संस्करण : मुंबई
वर्ष : 10
अंक : 288
पृष्ठ : 8
मूल्य : 2.00
शुक्रवार, 24 अक्टूबर, 2025

# मंत्र भारत

हिन्दी दैनिक

मुंबई, लखनऊ, प्रयागराज एवं ग्वालियर से एक साथ प्रकाशित एवं ठाणे, नवी मुम्बई, पालघर, नासिक एवं पुणे से प्रसारित



3 एकनाथ शिंदे के लिए सियासी कुर्सी का...
4 थाली आधी भरी, पेट खाली - क्या कभी ...
7 साइमन हार्मर ने रचा इतिहास, 1000 विकेट ...

## संक्षिप्त न्यूज

### सीएम सिद्धारमैया के अमावस्या कहने पर भड़के भाजपा सांसद सूर्या, बोले- ये उनकी तुष्टिकरण की कोशिश

बंगलूरू। भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया पर पलटवार किया है। दरअसल सीएम सिद्धारमैया ने हाल ही में अपने एक बयान में भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या पर निशाना साधते हुए उन्हें अमावस्या कह दिया था। अब इसे लेकर तेजस्वी ने पलटवार किया है और कहा है कि सीएम शायद उन लोगों को खुश करना चाहते हैं, जो अपनी खुशियों के लिए चांद देखते हैं।

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा,



'मुख्यमंत्री मुझ पर निजी हमले कर रहे हैं, इससे उनके पद को शोभा नहीं देता। पूर्णिमा हो या अमावस्या, धूप खिली रहती है। शायद यह उन लोगों के को खुश करने की कोशिश है जो अपनी खुशियों के लिए चांद देखते हैं। भाजपा सांसद ने कहा कि 'एक भी सड़क गड्ढों से मुक्त नहीं है। शहर में एक किलोमीटर की भी अच्छी सड़क नहीं है और ये सरकार कचरा मुक्त शहर देने में असमर्थ है। हाल ही में शहर में दुष्कर्म की तीन घटनाएं हुईं। कर्नाटक से 15 अरब डॉलर का निवेश चला गया और राज्य के आईटी मंत्री संघ पर प्रतिबंध लगाने में व्यस्त हैं।'

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बेटे यतींद्र के बयान पर, भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा, 'मुख्यमंत्री के बेटे ने संकेत दिया है कि उनके पिता का समय समाप्त हो गया है। कर्नाटक में चुपचाप कुर्सी का खेल चल रहा है।

### बिहार में चुनावी बिगुल फूंकेंगे शाह-मोदी!

# मिशन बिहार पर अमित शाह का तीन दिवसीय दौरा, पीएम भी दिखाएंगे समस्तीपुर-बेगूसराय में दम

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अक्टूबर को अपने चुनाव अभियान की शुरुआत करने वाले हैं। उनका पहला पड़ाव बेहद प्रतीकात्मक है, जहाँ वे समस्तीपुर के कर्पूरी ग्राम में भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इस कदम को राज्य में एक महत्वपूर्ण मतदाता वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) के लिए एक रणनीतिक अपील के रूप में देखा जा रहा है।

बिहार में चुनावी बिगुल फूंकेंगे शाह-मोदी

पटना के स्थानीय कार्यक्रमबिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के बड़े नेता चुनाव प्रचार में जुट गए हैं और प्रधानमंत्री तथा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह चुनावी सभा के लिये पटना पहुंचेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सूत्रों ने यह जानकारी दी। भाजपा सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जहां बृहस्पतिवार को बिहार के तीन दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचेंगे, वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को समस्तीपुर में अपनी पहली रैली करेंगे और चुनावी अभियान का बिगुल फूकेंगे।



भाजपा सूत्रों का कहना है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बृहस्पतिवार को पटना पहुंचेंगे। शाह तीन दिन तक बिहार के दौरे पर रहेंगे और विभिन्न जिलों में चुनावी सभाएं करेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार, शाह बृहस्पतिवार को पटना पहुंचने के बाद पार्टी के प्रमुख नेताओं के साथ बैठक करेंगे, जिसमें राजग के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरने वाले बागी नेताओं के मुद्दे पर भी चर्चा की जा सकती है।

उन्होंने बताया कि शाह 24 अक्टूबर को सीवान और बक्सर में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इसके बाद 25 अक्टूबर को वह बिहारशरीफ, मुंगेर और खगड़िया में जनसभाएं करेंगे। इससे पहले भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा था, ''प्रधानमंत्री मोदी 24 अक्टूबर को समस्तीपुर में अपनी पहली रैली के साथ चुनावी अभियान की शुरुआत करेंगे। इसके बाद उसी दिन वह बेगूसराय में दूसरी सभा को संबोधित करेंगे।''

भाजपा के मीडिया विभाग के अनुसार, बृहस्पतिवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा गोह और पातेपुर विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। इस बीच, बृहस्पतिवार को महागठबंधन के नेता संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में सीट बंटवारे और दोस्ताना संघर्ष वाली सीटों पर गठबंधन की रणनीति की जानकारी देंगे। सूत्रों ने बताया कि संवाददाता सम्मेलन में महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किए जाने की भी संभावना है। बिहार की 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए दो चरणों में छह नवंबर और 11 नवंबर को मतदान होगा जबकि मतों की गिनती 14 नवंबर को की जाएगी।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने केआर नारायणन की प्रतिमा का अनावरण किया, बोलीं- उनका जीवन प्रेरणा का प्रतीक

तिरुवनंतपुरम। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इन दिनों केरल के दौरे पर हैं। इस दौरान गुरुवार को उन्होंने केरल राजभवन परिसर में भारत के पूर्व राष्ट्रपति केआर नारायणन की प्रतिमा का अनावरण किया। यह प्रतिमा भारत के पहले दलित राष्ट्रपति को श्रद्धांजलि स्वरूप स्थापित की गई है। इस मौके पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री पिनराई विजयन मौजूद थे। कार्यक्रम में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि केआर नारायणन का जीवन साहस, मेहनत और आत्मविश्वास की प्रेरणादायक कहानी है। उन्होंने शिक्षा की शक्ति के बल पर देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंचकर यह दिखाया कि अवसर और दृढ़ निश्चय से सब कुछ संभव है।

मुर्मू ने कहा कि राजनीति में आने से पहले नारायणन ने भारतीय विदेश सेवा में शानदार करियर बनाया और हमेशा भारत के मूल्यों शांति, न्याय और सहयोग को ईमानदारी से निभाया। राष्ट्रपति ने बताया कि नारायणन न सिर्फ भारत के राष्ट्रपति रहे, बल्कि उन्होंने उपराष्ट्रपति के रूप में भी देश की सेवा की। उन्होंने कहा कि नारायणन हमेशा केरल से जुड़े रहे और अपने राज्य की सामाजिक प्रगति, शिक्षा और समानता की भावना से प्रेरणा लेते रहे। उनके लिए शिक्षा सभी का अधिकार थी, न कि कुछ लोगों का विशेषाधिकार।



### नारायणन ने लोकतांत्रिक मूल्यों की विरासत छोड़ी- मुर्मू

मुर्मू ने इस दौरान यह भी कहा कि नारायणन ने नैतिकता, ईमानदारी, करुणा और लोकतांत्रिक मूल्यों की विरासत छोड़ी है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने कहा कि आज जब हम उन्हें याद कर रहे हैं, तो उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर एक समावेशी और न्यायपूर्ण भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

## सुप्रीम कोर्ट में AI डीपफेक रेगुलेशन पर जनहित याचिका, निजता व राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा

नई दिल्ली। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है जिसमें केंद्र सरकार से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी AI आधारित तकनीकों को लेकर एक व्यापक नियामक और लाइसेंसिंग ढांचा तैयार करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता अधिवक्ता आरती साह ने कहा है कि खास तौर पर ऐसे एआई सिस्टम, जो वास्तविक लोगों की आवाज, तस्वीर या वीडियो की हूबहू नकल कर सकते हैं, उनके लिए तुरंत कानूनी व्यवस्था बनाना जरूरी है।

याचिका के मुताबिक गहराई से बनाई गई फर्जी सामग्री यानी डीपफेक का बेकाबू प्रसार लोगों की निजता, गरिमा और प्रतिष्ठा का गंभीर उल्लंघन कर रहा है। याचिका में कहा गया है कि इस तरह की तकनीकों ने पहले ही कई व्यक्तियों को नुकसान पहुंचाया है और यह सामाजिक सौहार्द एवं राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बनती जा रही हैं। बता दें कि हाल के दिनों में कई मशहूर हस्तियों जैसे अक्षय कुमार, कुमार सानू और पत्रकार सुधीर चौधरी को डीपफेक से जुड़ी शिकायतों पर दिल्ली और बॉम्बे हाई कोर्ट से अंतरिम राहत मिल चुकी हैं।

## इसरो प्रमुख बोले- गगनयान मिशन में 90इ काम पूरा, 2027 की शुरुआत में अंतरिक्ष जाएगा पहला मानव मिशन

बंगलूरू। भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन की तैयारियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं। इसरो के प्रमुख वी. नारायणन ने बताया कि अब तक मिशन से जुड़ा लगभग 90 प्रतिशत विकास कार्य पूरा हो चुका है। नारायणन ने कहा कि गगनयान भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है और इसके लिए कई जटिल तकनीकों को विकसित करना पड़ा है। उन्होंने बताया, 'गगनयान मिशन बहुत अच्छी तरह आगे बढ़ रहा है। इस मिशन के लिए रॉकेट को मानव उड़ान के लिए उपयुक्त बनाना था, ऑर्बिटल मॉड्यूल तैयार करना था, और पर्यावरण नियंत्रण व सुरक्षा प्रणाली विकसित करनी थी। इसके अलावा, क्रू एस्केप सिस्टम, पैराशूट सिस्टम और अन्य मानव-संबंधी तकनीकें भी बनानी



पड़ीं।'

इसरो प्रमुख ने कहा कि अब तीन बिना मानव वाले (अनक्रूड) मिशनों को पूरा करना बाकी है। इन मिशनों के सफल होने के बाद ही अंतरिक्षयात्रियों को भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले अनक्रूड मिशन में 'व्योममित्र' नाम की मानवाकृति रोबोट को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा, 'हम 2027 की शुरुआत में मानव मिशन भेजने का लक्ष्य रख रहे हैं।'

बता दें कि 24 अगस्त 2025 को इसरो ने गगनयान कार्यक्रम के तहत पहला इंटीग्रेटेड एयर ड्रॉप टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा किया था। यह परीक्षण श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में हुआ। इस टेस्ट में यह परखा गया कि अगर अंतरिक्ष यान को पृथ्वी पर उतारना हो तो नौ पैराशूट एक साथ किस तरह काम करेंगे, ताकि क्रू मॉड्यूल सुरक्षित तरीके से समुद्र में उतर सके।

इसरो प्रमुख वी नारायणन ने बताया, 'हमने एक सिम्युलेटेड मॉड्यूल को हेलिकॉप्टर से करीब तीन किमी ऊंचाई तक ले जाकर छोड़ा, और नौ पैराशूटों की मदद से उसे सफलतापूर्वक सुरक्षित लैंड कराया गया।' इसरो की इस बड़ी उपलब्धि से यह साफ है कि भारत अब मानव अंतरिक्ष उड़ान की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ा चुका है।

# त्रिपुरा में 24 घंटे के बंद से जनजीवन अस्त-व्यस्त, एम्बुलेंस रोकी, कानून व्यवस्था पर सवाल

अगरतला। त्रिपुरा सिविल सोसाइटी ने गुरुवार को 24 घंटे के बंद का आह्वान किया है। इस आंदोलन का नेतृत्व कर रहे टिपरा मोथा पार्टी (टीएमपी) के विधायक रंजीत देबबर्मा ने कहा कि बंद को लागू करने के लिए राज्य भर में 25 स्थानों पर बैरिकेड्स लगाए जाएँगे। अगरतला के प्रमुख स्थानों, जैसे सर्किट हाउस, उत्तरी द्वार और राज्य विधानसभा, पर भी बैरिकेड्स लगाए जाएँगे। देबबर्मा ने कहा, 'यह कोई राजनीतिक आंदोलन नहीं है जहाँ सभी वर्ग के लोग राजनीतिक विचारधारा से ऊपर उठकर बंद में शामिल होंगे। हम अपनी माँगों के समर्थन में इस बंद को शांतिपूर्ण ढंग से सफल बनाने के लिए तैयार हैं।'

टिपरासा सिविल सोसाइटी द्वारा आहूत 24 घंटे के राज्यव्यापी बंद के बाद आज त्रिपुरा में व्यापक तनाव और व्यवधान देखा गया। कथित तौर पर टिपरा मोथा कार्यकर्ताओं द्वारा समर्थित इस आंदोलन के कारण नाकाबंदी, विरोध और प्रशासनिक निष्क्रियता की कई घटनाएँ हुईं, जिससे जनता में आक्रोश फैल गया और राज्य की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठने लगे।

बरमुरा हिल्स में, तेलियामुरा उप-मंडल अस्पताल की एक एम्बुलेंस को कथित



तौर पर बंद समर्थकों ने रोक दिया, जिससे उसे अपने गंतव्य तक पहुँचे बिना ही अस्पताल लौटना पड़ा। स्थानीय लोगों ने इस कृत्य की निंदा करते हुए इसे अमानवीय बताया, जबकि पर्यवेक्षकों ने मुख्यमंत्री द्वारा सामान्य स्थिति बनाए रखने के बार-बार निर्देशों के बावजूद पुलिस की निष्क्रियता की आलोचना की। मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने बंद पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि त्रिपुरा में जनजीवन सामान्य रहेगा और सरकारी कर्मचारियों को ड्यूटी पर आना होगा। हालांकि, कई कर्मचारी सुबह से ही पुलिस प्रतिबंधों और सड़क अवरोधों के बीच सड़कों पर असहाय होकर फंसे हुए थे। नागरिकों ने आरोप लगाया कि पुलिस, सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने के बजाय, वाहनों और यात्रियों को लंबे रास्तों से, खासकर अगरतला के उत्तरी गेट क्षेत्र के पास, डायवर्ट कर रही थी।

इस बीच, बंद समर्थकों ने जिरानिया के बिरगुदास इलाके में अगरतला-करीमगंज एक्सप्रेस रोक दी। टिपरासा सिविल सोसाइटी के सदस्यों ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर रेलवे पटरियों पर विरोध प्रदर्शन किया। इससे रेल यातायात अस्थायी रूप से ठप हो गया और आसपास के इलाकों में तनाव पैदा हो गया।

खोवाई के बेलफांग इलाके और शांतिरबाजार उपखंड से भी खबरें आईं, जहाँ बंद समर्थकों ने धरना दिया, बाजार बंद करवाए और परिवहन ठप कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने इन दृश्यों को त्रिपुरा में पहले के राजनीतिक आंदोलनों के दौरान हुई अशांति की याद दिलाते हुए बताया।

आलोचकों ने आरोप लगाया कि नागरिक समाज द्वारा आहूत इस बंद को टिपरा मोथा का मौन समर्थन प्राप्त था और राज्य मशीनरी के कुछ हिस्सों ने अप्रत्यक्ष रूप से इसमें मदद की, जबकि पुलिस केवल मूकदर्शक बनी रही। सोशल मीडिया पर विपक्षी आवाजों ने भाजपा के प्रमुख संगठनों की चुप्पी पर सवाल उठाए और प्रशासन पर दोहरे मापदंड अपनाने और बंद की सफलता सुनिश्चित करने के लिए गुप्त सहयोग करने का आरोप लगाया।

## व्यापारी को नाक रगड़वाने की घटना पर बवाल, नेता बर्खास्त, विपक्ष हमलावर, भाजपा की साख पर सवाल

मेरठ। मेरठ के तेजगढ़ी चौराहे पर कपड़ा व्यापारी से अभद्रता कर सड़क पर नाक रगड़वाने के आरोप में घिरे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) किसान मोर्चा की जिला इकाई के उपाध्यक्ष विकुल चपराणा के खिलाफ पार्टी ने कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें सभी पदों से हटा दिया है। किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष तेजा गुर्जर ने बुधवार को आदेश जारी कर विकुल को सभी पदों से तत्काल प्रभाव से हटाते हुए उनकी प्राथमिक सदस्यता भी निलंबित कर दी।

इस मामले में पुलिस ने विकुल के तीन सहयोगियों हैप्पी भड़ाना, आयुष शर्मा और सुबोध यादव को भी देर रात गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य की तलाश जारी है। अधिकारियों के अनुसार, इनके खिलाफ दर्ज मुकदमे में मार्ग अवरुद्ध करने और वाहन में तोड़फोड़ करने की धाराएं भी जोड़ी गई हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. विपिन ताडा ने बताया कि व्यापारी सत्यम रस्तोगी से नाक रगड़वाकर माफी मंगवाने की घटना की जांच पुलिस अधीक्षक (नगर) को सौंपी गई है।

विकुल को गिरफ्तारी के बाद अदालत से जमानत मिल गई थी। भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष तेजा गुर्जर ने अपने पत्र में लिखा है कि विकुल का यह आचरण पार्टी की मर्यादा और अनुशासन के विरुद्ध है तथा यह ''आपराधिक मानसिकता'' को दर्शाता



है। घटना के बाद विपक्षी दलों और व्यापारिक संगठनों ने भी मोर्चा खोल दिया है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर से इस्तीफे की मांग की है, जिनका नाम विकुल ने वीडियो में लिया था। सपा के प्रदेश सचिव विपिन चौधरी और वरिष्ठ नेता मुखिया गुर्जर ने प्रदर्शन कर आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट और राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम लगाने की मांग की है। मेरठ व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष जीतू सिंह नागपाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि व्यापारी वर्ग में भय का वातावरण समाप्त हो। तेजगढ़ी चौराहे पर एक रेस्तरां के बाहर 19 अक्टूबर रात वाहन पार्क करने को लेकर व्यापारी सत्यम रस्तोगी का भाजपा नेता विकुल चपराणा से विवाद हो गया था, जिसके बाद विकुल ने व्यापारी से जबरन नाक रगड़वाकर माफी मंगवाई।

पूरा घटनाक्रम वीडियो में कैद हो गया, जो बाद में इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद राजनीतिक हलकों में हड़कंप मच गया और पुलिस ने देर रात विकुल के खिलाफ कार्रवाई कर मामला दर्ज किया। हालांकि, व्यापारी सत्यम रस्तोगी ने बाद में कहा कि वह पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट हैं और उनका किसी से व्यक्तिगत विवाद नहीं है।

## तेजस्वी को बिहार चुनाव के लिए मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाए जाने पर राजद की झारखंड इकाई ने बधाई दी

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की झारखंड इकाई ने बृहस्पतिवार को पार्टी नेता तेजस्वी यादव को बिहार विधानसभा चुनाव के लिए 'इंडिया' गठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाए जाने पर बधाई दी।

पार्टी ने विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश सहनी को भी बधाई दी, जिन्हें पूर्वी राज्य में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने की स्थिति में उपमुख्यमंत्रियों में से एक घोषित किया गया है।



राजद की झारखंड इकाई के महासचिव एवं प्रवक्ता कैलाश यादव ने कहा, ''तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी दोनों लोकप्रिय युवा चेहरे हैं तथा बिहार के अधिकतर लोग, 62 प्रतिशत युवाओं के साथ, राज्य में राजग सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए महागठबंधन को वोट देंगे।''

उन्होंने कहा कि तेजस्वी के नेतृत्व में बिहार में महागठबंधन की दूरदर्शी और प्रगतिशील युवा सरकार बनेगी। कैलाश यादव ने कहा, ''नयी सरकार नौकरियों, रोजगार, उद्योगों, विश्वविद्यालयों, शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों, तकनीकी शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा संस्थानों के सृजन के लिए काम करेगी। यह पलायन को भी रोकेगी।''

उन्होंने कहा कि यद्यपि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राजग सरकार लगभग दो दशकों से बिहार में सत्ता में है और नरेन्द्र मोदी सरकार 11 वर्षों से केंद्र में है, ''लेकिन वे बिहार में एक सुई का कारखाना तक भी स्थापित करने में विफल रहे हैं।'' कैलाश यादव ने आरोप लगाया, ''नीतीश-मोदी की जोड़ी ने पलायन, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कानून-व्यवस्था, उद्योग और किसानों तथा मजदूरों की स्थिति को बदतर बना दिया है।

### पूर्व सीएम YS जगन का गंभीर आरोप

# 'नकली शराब के उत्पादन और बिक्री को 'संस्थागत' बना रही सरकार'

अमरावती। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के प्रमुख और आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि राज्य की सत्तारूढ़ तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) सरकार ने 'नकली और मिलावटी शराब' के उत्पादन, वितरण और बिक्री को संस्थागत रूप दे दिया है। तडेपल्ली में मौजूद वाईएसआरसीपी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए रेड्डी ने कहा कि, 'पूरे राज्य में अवैध और मिलावटी शराब खुलेआम बेची जा रही है, और यह सब सरकार की जानकारी में हो रहा है। यह धंधा टीडीपी नेताओं और कार्यकर्ताओं के संरक्षण में चल रहा है।'



जगन मोहन रेड्डी ने आरोप लगाया कि कई जगहों पर टीडीपी नेता और उनके समर्थक खुद की शराब दुकानों में नकली शराब तैयार कर बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में बेल्ट शॉप्स (अवैध शराब दुकानें) की नीलामी तक पुलिस सुरक्षा में कराई जा रही है। वहीं, बिना अनुमति वाले परमिट रूमों में भी महंगे दामों पर शराब बेची जा रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह की अवैध शराब बिक्री से सरकार को भारी राजस्व नुकसान हो रहा है और जनता का स्वास्थ्य भी खतरे में पड़ रहा है।

उन्होंने दावा किया कि पारावाड़ा, पलकोल्लू, अमलापुरम, एलूरु, रेपल्ले और नेल्लोर जैसे कई इलाकों में नकली शराब फैक्ट्रियां पकड़ी गई हैं। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन फैक्ट्रियों से बरामद स्टिकर्स, लेबल, सील, बोतलें, कैन, कार्टन और मशीनें भी दिखाईं।

टीडीपी की तरफ से प्रतिक्रिया का इंतजार

जगन रेड्डी ने कहा कि 'नकली शराब के इस संगठित कारोबार की जड़ें टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू और उनके बेटे नारा लोकेश के समय से जुड़ी हैं।' उन्होंने यह भी जोड़ा कि हाल ही में यह पूरा रैकेट इसलिए उजागर हुआ क्योंकि 'मुनाफे के बंटवारे को लेकर टीडीपी के अंदर ही झगड़ा' हो गया। फिलहाल इस पूरे मामले पर अब तक टीडीपी की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## जेएनयू छात्र संघ चुनाव चार नवंबर को प्रस्तावित, छह नवंबर को आ सकते हैं नतीजे

नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ की चुनाव समिति ने बृहस्पतिवार को 2025-26 के छात्र संघ चुनावों के लिए अस्थायी कार्यक्रम जारी किया, जिसके तहत चार नवंबर को मतदान होगा और छह नवंबर को परिणाम घोषित किए जाएंगे।

चुनाव प्रक्रिया 24 अक्टूबर को सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक अनंतिम मतदाता सूची जारी होने तथा उसमें संशोधन शुरू करने के साथ शुरू होगी। नामांकन पत्र 25 अक्टूबर को दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे के बीच जारी किए जाएंगे।

उम्मीदवार 27 अक्टूबर को सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे। वैध नामांकनों की सूची 28 अक्टूबर को सुबह 10 बजे जारी की जाएगी और उसी दिन अपराह्न दो बजे से शाम पांच बजे के बीच नामांकन वापस लिए जा सकेंगे।

उम्मीदवारों की अंतिम सूची शाम सात बजे तक जारी कर दी जाएगी और उसके बाद रात आठ बजे प्रचार के लिए स्थान आवंटन के साथ एक प्रेस वार्ता होगी। चुनाव समिति के अध्यक्ष रविकांत द्वारा हस्ताक्षरित अधिसूचना में कहा गया है कि मतदान चार नवंबर को दो सत्रों में होगा- सुबह नौ बजे से अपराह्न एक बजे तक और दोपहर ढाई बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक। मतगणना रात नौ बजे शुरू होगी।



अंतिम परिणाम छह नवंबर को घोषित किए जाएंगे। पिछले साल वामपंथी समर्थित समूहों ने चार केंद्रीय समिति के पदों में से तीन पर जीत हासिल की थी, जबकि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने संयुक्त सचिव का पद हासिल किया, जो लगभग एक दशक में उसकी पहली जीत थी।

# 'भाजपा को हराना व मुंबई को बचाना सबसे बड़ी जिम्मेदारी', राउत ने बताया इंडिया गठबंधन के बनने का मकसद

**मुंबई(संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**

मुंबई। शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट के सांसद संजय राउत ने गुरुवार को महाराष्ट्र में होने वाले निकाय चुनावों से पहले विपक्षी एकता की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा को हराना और मुंबई को बचाना अब सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। संजय राउत ने कांग्रेस की मराठी नेतृत्व से अपील की कि वे मुंबई के सामने मंडरा रहे खतरे को समझें और शहर को बचाने के लिए आगे आएं।

कांग्रेस से तल्खी पर संजय राउत की टिप्पणी

उनकी यह टिप्पणी कांग्रेस के एमएलसी भाई जगताप के बयान के बाद आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनाव में न तो शिवसेना (यूबीटी) और न ही राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के साथ गठबंधन करेगी। संजय राउत ने जवाब में कहा, 'कांग्रेस हमारी सहयोगी पार्टी है- चाहे वह इंडिया



गठबंधन हो या महा विकास आघाड़ी (एमवीए)। ये दोनों केवल एक पार्टी से नहीं बने हैं। कांग्रेस के अलावा भी कई दल इसमें शामिल हैं।'

'मुंबई को अदाणी के जबड़ों से बचाना होगा'

पत्रकारों से बातचीत में संजय राउत ने कहा, 'हमें भाजपा को हराकर मुंबई को बचाना है। यह लोकतंत्र, संविधान और मुंबई की अस्मिता की लड़ाई है। अगर विपक्षी दल एकजुट होकर लड़ेंगे, तो मराठी मानूस भी इसका समर्थन करेगा।' उन्होंने आगे कहा, 'अगर किसी ने बीएमसी या स्थानीय चुनाव को लेकर अलग रुख अपनाया है, तो वह उनका मामला है। लेकिन हम ऐसा कोई बयान नहीं देंगे जो हमारे सहयोगियों को मुश्किल में डाले। राज ठाकरे की पार्टी स्वतंत्र है, लेकिन हमारा मकसद स्पष्ट है- भाजपा को रोकना और मुंबई को अदाणी के जबड़ों से बचाना।'

कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से ही होगी बात'

संजय राउत ने स्थानीय कांग्रेस नेताओं पर चुटकी लेते हुए कहा, 'अगर किसी गठबंधन पर बात करनी है तो हम राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, केसी वेणुगोपाल या रमेश चेन्निथला से बात करेंगे। अभी तक इन चार नेताओं से इस मुद्दे पर कोई चर्चा नहीं हुई है।' उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले उनकी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वेणुगोपाल से कुछ मुद्दों पर बातचीत हुई थी, जिसमें एमएनएस को महा विकास आघाड़ी में शामिल करने को लेकर संकेत दिए गए थे। इस दौरान संजय राउत ने दावा किया कि इंडिया गठबंधन का गठन कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने के उद्देश्य से किया गया है।

बिहार का उदाहरण देकर कांग्रेस पर तंज

बिहार में महागठबंधन के अंदर सीट बंटवारे पर चल रहे विवाद का जिक्र करते हुए संजय राउत ने सवाल किया, 'वहां कांग्रेस और राजद कई सीटों पर आमने-सामने हैं। क्या बिहार में कोई राज ठाकरे या उद्धव ठाकरे हैं?'

# मुंबई के जोगेश्वरी में व्यावसायिक इमारत में लगी आग, 10-15 लोग फंसे

मुंबई(संवाददाता) । मुंबई के पश्चिमी उपनगर जोगेश्वरी में बृहस्पतिवार सुबह एक व्यावसायिक इमारत में आग लग गई, जहां 10 से 15 लोग फंसे हैं। फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा, 'वे सभी सुरक्षित हैं। बचाव अभियान जारी है।' दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए



अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, आग गांधी स्कूल के पास स्थित 'जेएनएस बिजनेस सेंटर' में सुबह 10 बजकर 50 मिनट पर लगी। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

एक स्थानीय अधिकारी ने बताया कि इमारत के दूसरे हिस्से में 10-15 लोग दमकल की कम से कम 12 गाड़ियों और अन्य अग्निशमन उपकरणों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि विभिन्न एजेंसियों को घटनास्थल पर तैनात किया गया है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। इस संबंध में अभी और जानकारी की प्रतीक्षा है।

# आईआरसीटीसी पश्चिमी क्षेत्र, मुंबई द्वारा अगस्त और सितंबर 2025 के 'महीने के श्रेष्ठ कर्मचारी' सम्मानित

**मुंबई(संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**

भारतीय रेल खानपान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी), जो रेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक नवरत्न सार्वजनिक उपक्रम है, अपने कर्मचारियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को पहचानने और प्रोत्साहित करने की परंपरा को निरंतर आगे बढ़ा रहा है। इसी क्रम में, अगस्त और सितंबर 2025 माह के महीने के श्रेष्ठ कर्मचारी (स्ंज्त्दबा द्रूप श्दहूए) पुरस्कार आईआरसीटीसी पश्चिमी क्षेत्र कार्यालय, मुंबई में प्रदान किए गए।



अगस्त 2025 माह के लिए - अशोक पांडे, हॉस्पिटैलिटी मॉनिटर, केटरिंग क्षेत्रीय कार्यालय, अहमदाबाद, तथा विजय गायकवाड़, सहायक स्टाफ, पर्यटन क्षेत्रीय कार्यालय, मुंबई, को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

सितंबर 2025 माह के लिए -

रणवीर चौधरी, केटरिंग पर्यवेक्षक (सीएस), पुणे, तथा लता राणे, सहायक स्टाफ, वित्त विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, मुंबई, को उनके सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

सभी चयनित कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार प्रदान किए गए, जो उनकी निष्ठा और समर्पण का प्रतीक है।

पुरस्कार वितरण गौरव झा, समूह महाप्रबंधक, आईआरसीटीसी पश्चिमी क्षेत्र, मुंबई द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारी हर्षवर्धन सिंह रावत, AGM (Tourism); विजय कुंडले, उप महाप्रबंधक (वित्त); तथा नागेश चौधरी, प्रबंधक (मानव संसाधन), आईआरसीटीसी पश्चिमी क्षेत्र, मुंबई उपस्थित रहे।

डॉ. ए.के. सिंह, जनसंपर्क अधिकारी, आईआरसीटीसी पश्चिमी क्षेत्र, मुंबई ने बताया कि इस अनूठी पहल की शुरुआत समूह महाप्रबंधक गौरव झा द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष में की गई थी, और अब तक कुल छह कर्मचारियों को इस योजना के अंतर्गत सम्मानित किया जा चुका है।

आईआरसीटीसी पश्चिमी क्षेत्र अपने कर्मचारियों में उत्कृष्टता, नवाचार और ग्राहक-केंद्रित सेवा की भावना को बढ़ावा देने के लिए सतत रूप से ऐसे प्रोत्साहन और सम्मान कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।

# मध्य रेल ने त्योहारों के दौरान होने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रमुख स्टेशनों पर ठहरने के स्थान उपलब्ध कराकर भीड़ प्रबंधन को सुव्यवस्थित किया है

**मुंबई(संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**

भारतीय रेल दिवाली/छठ पूजा त्योहार के अवसर पर यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए कुल 12011 विशेष ट्रेनें चला रहा है। इन त्योहार विशेष ट्रेनों से 1 करोड़ से अधिक यात्रियों को यात्रा सुगम होने की उम्मीद है, जिससे देश भर के गंतव्यों के लिए सुविधाजनक यात्रा विकल्प उपलब्ध होंगे।

मध्य रेल के महाप्रबंधक विजय कुमार ने बताया कि इनमें से मध्य रेल 1998 दिवाली विशेष ट्रेनें (आरक्षित और अनारक्षित दोनों) चला रहा है, जिनसे 30 लाख से अधिक यात्रियों को बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश जैसे गंतव्यों के लिए सुविधाजनक यात्रा विकल्प उपलब्ध होंगे।

भारतीय रेल ने चालू त्योहारी सीजन के दौरान यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए व्यापक व्यवस्था की है। भारतीय रेल के 16 जोनों के 76 प्रमुख स्टेशनों पर प्रभावी भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष ठहरने के स्थान विकसित/योजनाबद्ध किए गए हैं।

मध्य रेल के महाप्रबंधक ने इस बात पर ज़ोर दिया कि मध्य रेल ने यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए 6 प्रमुख स्टेशनोः छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी), लोकमान्य तिलक टर्मिनस



(एलटीटी), दादर, पुणे, नासिक रोड और नागपुर पर होल्डिंग एरिया के प्रावधान के साथ भीड़ प्रबंधन को सुव्यवस्थित किया है।

सीएसएमटी पर 1200 वर्ग मीटर का क्षेत्र बनाया गया है,

एलटीटी पर कुल 10000 वर्ग मीटर का होल्डिंग एरिया बनाया गया है,

पुणे स्टेशन पर 2000 वर्ग मीटर का होल्डिंग एरिया बनाया गया है,

नासिक रोड स्टेशन पर 1000 वर्ग मीटर का होल्डिंग एरिया बनाया गया है और

नागपुर स्टेशन पर 1500 वर्ग मीटर का होल्डिंग एरिया बनाया गया है।

इन होल्डिंग एरिया में एक समय में लगभग 20,000 यात्री बैठ सकते हैं।

होल्डिंग एरिया विकसित करने के अलावा, प्रभावी भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित उपाय किए जा रहे हैंः

ढके हुए शेड, पर्याप्त रोशनी, वेंटिलेशन, पेयजल, पंखे, शौचालय, चार्जिंग पॉइंट, फूड स्टॉल और यात्री पता प्रणाली का प्रावधान किया गया है।

प्लेटफॉर्म का निर्धारण पहले से ही किया जा रहा है और ट्रेनों के प्लेटफॉर्म में कोई बदलाव नहीं किया जा रहा है।

निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए आइलैंड प्लेटफॉर्म पर दो भीड़भाड़ वाली ट्रेनों को नहीं रखा जा रहा है।

ट्रेनों के समय और अन्य महत्वपूर्ण सूचनाओं के बारे में नियमित घोषणाएँ की जा रही हैं।

आरपीएफ कर्मियों और वाणिज्यिक कर्मचारियों की निगरानी में यात्रियों के ट्रेन में चढ़ने के लिए कतारें लगना सुनिश्चित किया जा रहा है।

एआई और वॉर रूम की मदद से टिकट उपलब्धता और यात्रियों के रुझान की वास्तविक समय पर निगरानी की जा रही है।

यात्रियों की सहायता के लिए पर्याप्त वाणिज्यिक कर्मचारी और टिकट जाँच कर्मचारी तैनात किए गए हैं।

प्रमुख स्टेशनों पर सुरक्षा के लिए आरपीएफ और जीआरपी के साथ समन्वय बनाए रखा जा रहा है।

कुशल व्यवस्थाओं, बेहतर यात्री सेवाओं और सुविधा व देखभाल के प्रति प्रतिबद्धता के साथ, मध्य रेल यह सुनिश्चित कर रहा है कि त्योहारों के मौसम में रेल यात्रा के दौरान प्रत्येक यात्री को अच्छी सेवा मिले।

# कर्जत यार्ड रीमॉडलिंग के संबंध में पोस्ट नॉन-इंटरलॉकिंग कार्यों के लिए विशेष यातायात और पावर डे ब्लॉक

**मुंबई(संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**

कर्जत यार्ड रीमॉडलिंग कार्य के संबंध में पोस्ट नॉन-इंटरलॉकिंग कार्यों के लिए मध्य रेल 24.10.2025 से 01.11.2025 तक विशेष यातायात और पावर डे ब्लॉक संचालित करेगा।

ब्लॉक की अवधिः

24.10.2025 को एवं 27.10.2025 से 01.11.2025 तक-11.20 बजे से 13.20 बजे तक और 25.10.2025 और 26.10.2025 को 11.20 बजे से 15.45 बजे तक

यातायात अवरोध खंडः

नागनाथ केबिन - कर्जत खंड

अवरोध के कारण उपनगरीय ट्रेनों पर पड़ने वाले प्रभाव इस प्रकार हैंः

अवरोध अवधि के दौरान कर्जत - खोपोली के बीच उपनगरीय सेवाएँ उपलब्ध नहीं रहेंगी

निम्नलिखित उपनगरीय ट्रेनें 24.10.2025, 25.10.2025, 28.10.2025 और 01.11.2025 को रद्द रहेंगी।

कर्जत से 12.00 बजे और 13.15 बजे प्रस्थान करनेवाली कर्जत-खोपोली लोकल ट्रेनें

खोपोली से 11.20 बजे और 12.40 बजे प्रस्थान करनेवाली खोपोली-कर्जत लोकल ट्रेनें

ब्लॉक के अन्य दिनों में उपनगरीय लोकल ट्रेनें रद्द नहीं होंगी

ये रखरखाव मेगा ब्लॉक बुनियादी ढाँचे के रखरखाव और सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि वे होने वाली असुविधा के लिए रेलवे प्रशासन के साथ सहयोग करें।

# मध्य रेलवे ने त्योहारों के मौसम में भीड़ प्रबंधन को आसान बनाने के लिए प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय की व्यवस्था की

**मुंबई(संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**

भारतीय रेलवे दिवाली/छठ पूजा के अवसर पर यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए कुल 12011 विशेष ट्रेनें चला रहा है। इन त्योहारी विशेष ट्रेनों से 1 करोड़ से अधिक यात्रियों की यात्रा सुगम होने और देश भर के विभिन्न गंतव्यों के लिए सुविधाजनक यात्रा विकल्प उपलब्ध होने की उम्मीद है।

मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री विजय कुमार ने बताया कि मध्य रेलवे 1998 दिवाली विशेष ट्रेनें (आरक्षित और अनारक्षित दोनों) चला रहा है, जो 30 लाख से अधिक यात्रियों को सेवा प्रदान करेंगी और इस प्रकार बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश जैसे स्थानों के लिए सुविधाजनक यात्रा विकल्प प्रदान करेंगी।

वर्तमान त्योहारी मौसम के दौरान यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, भारतीय रेलवे ने व्यापक व्यवस्था की है। भारतीय रेलवे के 16 क्षेत्रों के 76 प्रमुख स्टेशनों पर प्रभावी भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष प्रतीक्षालय बनाए/योजनाबद्ध किए गए हैं।

यात्रियों की भीड़ को देखते हुए, महाप्रबंधक ने मध्य रेलवे के छह प्रमुख स्टेशनों - छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, लोकमान्य तिलक टर्मिनस, दादर, पुणे, नासिक रोड और नागपुर पर होल्डिंग एरिया उपलब्ध कराकर भीड़ प्रबंधन को सुगम बनाने पर ज़ोर दिया।

छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पर 1200 वर्ग मीटर का होल्डिंग एरिया बनाया गया।

लोकमान्य तिलक टर्मिनस पर कुल 10,000 वर्ग मीटर का होल्डिंग एरिया बनाया गया।

पुणे स्टेशन पर 2,000 वर्ग मीटर का होल्डिंग एरिया बनाया गया।

नासिक रोड स्टेशन पर 1,000 वर्ग मीटर का होल्डिंग एरिया बनाया गया।

नागपुर स्टेशन पर 1,500 वर्ग मीटर का होल्डिंग एरिया बनाया गया।

इन होल्डिंग एरिया में एक समय में लगभग 20,000 यात्रियों के ठहरने की क्षमता है।

होल्डिंग एरिया बनाने के अलावा, प्रभावी भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित उपाय किए जा रहे हैंः

यात्रियों के लिए छत वाले शेड, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, वेंटिलेशन, पेयजल, पंखे, शौचालय, चार्जिंग पॉइंट, फूड स्टॉल और उद्घोषणा प्रणाली की व्यवस्था की गई है।

प्लेटफॉर्म पहले से तय कर दिए गए हैं और ट्रेनों के प्लेटफॉर्म में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

दो भीड़-भाड़ वाली ट्रेनों को आइलैंड प्लेटफॉर्म पर आने से रोकने की व्यवस्था की गई है, जिससे यात्रियों के लिए रास्ता साफ रहेगा।

ट्रेनों की समय-सारिणी और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी नियमित रूप से घोषित की जा रही है।

आरपीएफ कर्मियों और पेशेवर कर्मचारियों की निगरानी में यात्रियों के चढ़ने के लिए कतार बनाई जाती है।

एआई और वॉर रूम की मदद से टिकट उपलब्धता और यात्रियों के रुझान की वास्तविक समय पर निगरानी की जा रही है।

यात्रियों की सहायता के लिए पर्याप्त बिक्री कर्मचारी और टिकट निरीक्षण कर्मचारी तैनात किए गए हैं।

प्रमुख स्टेशनों पर सुरक्षा के लिए आरपीएफ और जीआरपी के साथ समन्वय बनाए रखा जा रहा है।

कुशल व्यवस्था, बेहतर यात्री सेवाओं और सुविधाओं तथा देखभाल के प्रति प्रतिबद्धता के साथ, मध्य रेल यह सुनिश्चित कर रही है कि त्योहारी सीजन के दौरान प्रत्येक यात्री को अपनी रेल यात्रा के दौरान अच्छी सेवा मिले।

# पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल ने हासिल की ऐतिहासिक 100% समयपालनता

**मुंबई(संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**

पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल ने 22 अक्टूबर 2025 को मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों की 100इ समयपालनता दर्ज करके एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि मंडल की परिचालन दक्षता, समयपालनता और यात्री सुविधा के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करती है।



पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह असाधारण उपलब्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि वर्तमान में मंडल के व्यस्त नेटवर्क पर बड़ी संख्या में दिवाली-छठ फेस्टिवल स?पेशल ट्रेनें चल रही हैं। इन परिचालन चुनौतियों के बावजूद, सावधानीपूर्वक योजना, निर्बाध समन्वय और समर्पित टीमवर्क ने त्रुटिहीन समयपालनता सुनिश्चित किया।

मुंबई सेंट्रल मंडल देश में सबसे सघन और जटिल यात्री परिचालनों में से एक का प्रबंधन करता है, जो 600 किलोमीटर से अधिक के नेटवर्क पर प्रतिदिन 1400 से अधिक उपनगरीय ट्रेन सेवाओं और लगभग 150 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन करता है।

पश्चिम रेलवे सभी यात्रियों को सुरक्षित, कुशल और विश्वसनीय सेवाएँ प्रदान करने के लिए अपनी दृढ़ संकल्प को पुनः दोहराती है। यह उपलब्धि पश्चिम रेलवे के समर्पित कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों, पेशेवरता और समर्पण का गौरवशाली प्रमाण है।

# नितिन गडकरी के निजी सहायक के बंगले में चोरी की कोशिश, सुरक्षा गार्ड गिरफ्तार

**मुंबई(संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**

पुलिस ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के निजी सहायक के नागपुर स्थित बंगले




में चोरी की कोशिश करने के आरोप में एक सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रतन कार्तिक कस्तूरे (33) के रूप में हुई है।

गडकरी के निजी सहायक कौस्तुभ फलटणकर द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार यह घटना सोमवार रात की है। शिकायत में बताया गया कि फलटणकर की पत्नी बंगले के भूतल पर वकील का कार्यालय चलाती हैं। इसमें कहा गया कि बंगले में हाल में सुरक्षा गार्ड के रूप में नियुक्त कस्तूरे ने रात 10 बजकर 55 मिनट पर कार्यालय में कथित तौर पर प्रवेश किया और चोरी करने के इरादे से एक दराज खोलने की कोशिश की।

जब घर के एक कर्मचारी ने यह देखा तो फलटणकर को सूचित किया। इसके बाद फलटणकर ने कार्यालय पर ताला लगा दिया और पुलिस को बुलाया। बेलतरोडी पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 (2) (आवास में चोरी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच जारी है।


**पश्चिम रेलवे**

**उपयोगिता स्थानांतरण का समग्र कार्य**

उप मुख्य अभियंता (निर्माण) II, पश्चिम रेलवे, रतलाम (मध्य प्रदेश) निविदा सूचना क्रमांकः RTM-RNQD-DYCE-C-II-01 आमंत्रित करता है। **कार्य का नामः** पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के रतलाम और नागदा (41.38 किमी) खंड के बीच चौगुनी परियोजना के संबंध में बांगरोद (स्टेशन सहित) से बेरावन्या (स्टेशन सहित) के बीच उपयोगिता स्थानांतरण का समग्र कार्य। **निविदा लागतः** 163033412.13 **बोली सुरक्षाः** 965200/- **बोली जमा करने की अंतिम तिथिः** 14.11.2025, 15.00 बजे तक। **बोली खोलने की तिथिः** 14.11.2025 को 15.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। 0729

हमें फॉलो करें facebook.com/WesternRly



**पश्चिम रेलवे बांद्रा टर्मिनस ⇌ पटना के बीच अनारक्षित त्यौहार विशेष ट्रेन चलाएगा**

| ट्रेन संख्या | प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य | सेवा की तिथियां | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09009 | बांद्रा टर्मिनस – पटना | 24/10/2025 | 21:20 बजे (शुक्रवार) | 11:00 बजे (तीसरे दिन) |
| 09010 | पटना – बांद्रा टर्मिनस | 24/10/2025 से 26/10/2025 | 14:00 बजे (शुक्र, शनि और रवि) | 05:00 बजे (तीसरे दिन) |

**हॉल्टः** बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, भेस्तान, चल्थान, नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन दोनों दिशाओं में।

**संरचनाः** सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच।

ठहराव के समय और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।

उपरोक्त ट्रेन विशेष किराए पर विशेष ट्रेन के रूप में चलाई जाएँगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाईक करें : facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly
instagram.com/WesternRly



**मध्य रेल**

**सोलापुर मंडल**

**सिग्नलिंग कार्य**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से डीआरएम (एस एंड टी) कार्यालय, मध्य रेलवे, सोलापुर निम्नलिखित कार्यों के लिए सक्षम, प्रतिष्ठित फर्मों / ठेकेदारों से रेलवे की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित करता हैः **निविदा सूचना संख्याः सोला-एन-टी-2025-26-21, दिनांकः 20.10.2025. इलाके के साथ काम का नामः** सोलापुर मंडल के कुर्दुवाड़ी - सोलापुर-वाडी खंड में सीटीआर (पी), टीआरआर (पी), टीएसआर (पी), सीटीआर (एस), टीबीआर जैसे यार्ड सुधार / उन्नयन कार्यों के संबंध में सिग्नलिंग कार्य और मैन्युअल रूप से टर्नआउट से संबंधित कार्य करना। **कार्य अनुमानित लागतः** रुपये 1,10,20,182.94. **टैंडर फॉर्म की कीमतः** NIL. **जमा की जाने वाली धरोहर राशिः** रुपये 2,05,100/-. **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 महीने। **निविदा के समापन की तिथि और समयः** 12.11.2025 after 15:30 Hrs. विवरण ireps वेबसाइट में उपलब्ध हैं। शुद्धिपत्र/संशोधन यदि कोई हो तो केवल उपरोक्त ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। केवल ऑनलाइन निविदाएं ही स्वीकार की जाएंगी। मैनुअल/डाक/ई-मेल, फैक्स, हस्त निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे कंपनी के नाम के साथ तृतीय श्रेणी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र प्राप्त करें और इसे www.ireps.gov.in पर पंजीकृत करें। बयाना राशि का भुगतान (ईएमडी) केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया www.ireps.gov.in देखें।

DE/Sur-67 — मंडल रेल प्रबंधक, एस एंड टी शाखा, मध्य रेल, सोलापुर

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

### देवेंद्र फडणवीस का 2029 तक सीएम रहने का दावा!

# एकनाथ शिंदे के लिए सियासी कुर्सी का अप्रत्यक्ष संदेश- कांग्रेस की चुटकी

**मुंबई(संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि वह 2029 तक अपने वर्तमान पद पर बने रहेंगे और सत्तारूढ़ गठबंधन की संरचना में कोई बदलाव नहीं होगा। राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका के बारे में पूछे जाने पर फडणवीस ने कहा, 'जहाँ तक मुझे अपनी पार्टी का पता है...दिल्ली अभी बहुत दूर है। मैं 2029 तक महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बना रहूँगा।' वह दिवाली के अवसर पर मुंबई स्थित अपने आधिकारिक आवास 'वर्षा' में मीडियाकर्मियों से बातचीत में बोल रहे थे।

फडणवीस ने स्पष्ट किया कि वर्तमान सत्तारूढ़ गठबंधन, जिसमें भाजपा, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की राकांपा शामिल हैं, में कोई बदलाव नहीं होगा। उन्होंने आगे कहा, 'न तो कोई नया साझेदार बनेगा और न ही साझेदारों की अदला-बदली होगी।' वरिष्ठ भाजपा नेता ने स्थानीय निकाय चुनावों से पहले राज्य की मतदाता सूची में विसंगतियों का आरोप लगाने के लिए विपक्ष पर भी निशाना साधा। स्थानीय निकाय चुनाव 31 जनवरी, 2026 तक पूरे होने हैं।



कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के प्रवक्ता सचिन सावंत ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का यह बयान कि वह 2029 तक शीर्ष पद पर बने रहेंगे, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के लिए एक अप्रत्यक्ष संदेश है। राष्ट्रीय राजनीति में अपनी भूमिका के सवाल पर फडणवीस ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा था, 'दिल्ली अभी दूर है।' और स्पष्ट किया कि वह 2029 तक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। सावंत ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, 'यह उन लोगों के लिए एक अप्रत्यक्ष संदेश है, जो मुख्यमंत्री पद पर नजर गड़ाए हुए हैं। वह सीधे शिंदे साहब से तो बोल नहीं सकते, इसलिए अप्रत्यक्ष रूप से यह बात कह रहे हैं। साथ ही, वह अपनी पार्टी के उन लोगों को भी संकेत दे रहे हैं, जो स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए हैं।'' राज्य में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शामिल हैं। शिवसेना से 2022 में अलग होने के बाद शिंदे पिछले विधानसभा चुनावों तक मुख्यमंत्री रहे, जबकि फडणवीस उपमुख्यमंत्री थे। फडणवीस ने बुधवार को स्पष्ट किया कि मौजूदा सत्तारूढ़ व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं होगा। उन्होंने कहा, 'न तो कोई नया सहयोगी होगा और न ही मौजूदा सहयोगियों का चेहरा बदलेगा।'

सावंत ने दावा किया कि फडणवीस का यह बयान भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के लिए भी एक संदेश है कि वह 'इस डर से अपना पद नहीं छोड़ेंगे कि राजस्थान, मध्यप्रदेश या उत्तराखंड की तरह कोई और उनकी जगह ले सकता है।' कांग्रेस नेता ने कहा, 'फडणवीस को मुख्यमंत्री पद से हटाने की कोशिशें हो रही हैं। वह बार-बार दिल्ली के चक्कर लगाते हैं, जहां उनका स्वागत-सत्कार होता रहता है। इससे उनका डर और बढ़ जाता है। इसलिए, मुख्यमंत्री यह दावा कर रहे हैं कि वह पद नहीं छोड़ेंगे।'

समाजवादी पार्टी के नेता अबु आजमी द्वारा आगामी बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा पर सावंत ने कहा कि कांग्रेस में चुनाव संबंधी सभी निर्णय पार्टी आलाकमान द्वारा स्थानीय नेताओं के परामर्श से लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य मुंबई में महापौर का पद हासिल करना है। कांग्रेस विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी का हिस्सा है, जिसमें उद्धव ठाकरे की शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और शरद पवार की राकांपा (एसपी) भी शामिल हैं।

## अब फूटेंगे सियासी पटाखे; किसके लिए.., महायुति के एक बड़े नेता का बड़ा बयान, क्या माहौल गरमाएगा?

**मुंबई(संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**

राज्य में अगले कुछ दिनों में स्थानीय निकाय चुनाव होने वाले हैं। इसी पृष्ठभूमि में घटनाक्रमों ने गति पकड़ ली है। रायगढ़ में शिवसेना शिंदे गुट और एनसीपी अजित पवार गुट एक बार फिर आमने-सामने आते दिख रहे हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए दोनों दलों के कार्यकर्ता और पदाधिकारी एक-दूसरे की पार्टियों में शामिल होते दिख रहे हैं। शिवसेना शिंदे गुट के नेता और मंत्री भरत गोगावले ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने एक बार फिर एनसीपी अजित पवार गुट के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे को चुनौती दी है, जिससे अब रायगढ़ में माहौल गरमाने की संभावना है।

महाराष्ट्र समेत पूरे देश में आज उत्साह का माहौल है। पिछले आठ दिनों से पटाखे फूट रहे थे, लेकिन अब राजनीतिक आतिशबाजी शुरू होने वाली है। भरत गोगावले ने कहा है कि जैसे ही उम्मीदवारों की घोषणा होती है, अगले कुछ लोगों का भाग्य इस पर निर्भर करता है, उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों का भाग्य भी इस पर निर्भर करता है।

इस बीच, आगे बोलते हुए, उन्होंने सुनील तटकरे पर भी कटाक्ष किया है। पार्टी दलबदल पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि रोहा हो या कुछ और, यह किसी की निजी संपत्ति नहीं है। अगर वे चुनौती दे रहे हैं, तो उन्हें कुछ दिनों में पता चल जाएगा। हम अपने वरिष्ठों के आदेशों का पालन करने की कोशिश कर रहे हैं, सभी को अपनी पार्टी बढ़ाने का अधिकार है। उन्हें इसे बढ़ाना ही चाहिए, गोगावले ने इस समय कहा है।

जो हमसे सहमत नहीं हैं वे उनके पास जाएंगे, जो उनसे सहमत नहीं हैं वे हमारे पास आएंगे। कुछ लोग भाजपा में जा रहे हैं, इसलिए किसी को भी किसी की निजी संपत्ति को अपनी संपत्ति नहीं समझना चाहिए, गोगावले ने इस समय भी कटाक्ष किया है।

हमें अपने नेताओं से महागठबंधन का प्रस्ताव मिला था, जब यह आ रहा था, हम दोनों बड़े भाई हैं, शिवसेना और भारतीय जनता पार्टी, क्योंकि इस जिले में तीन-तीन सीटें हैं। गोगावले ने सीधा संकेत दिया है कि हमने इसके लिए पहला प्रस्ताव रखा है और अगर किसी की राय अलग है तो हम उसे भी रखने के लिए तैयार हैं।

## 'वयस्क है, फैसले खुद ले सकती हैं', कोर्ट ने गर्भवती महिला को परिवार से सुरक्षा का आदेश दिया

**मुंबई(संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक मामले में सुनवाई के दौरान एक 31 साल की गर्भवती महिला को उसके परिवार से सुरक्षा देने का आदेश दिया है। महिला ने अपने घर से भागकर अपने प्रेमी से शादी कर ली है। वह अल्पसंख्यक समुदाय से ताल्लुक रखती है और अपने परिवार के विरोध के बावजूद अपने फैसले पर अड़ी हुई है। महिला के पिता ने पुलिस में उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। परिवार वालों ने दावा किया था कि उनकी बेटी अप्रैल महीने से घर से गायब है। इस शिकायत पर हाईकोर्ट में हैबियस कॉर्पस याचिका दाखिल की गई थी, जिसमें लड़की को परिवार के पास लाने की मांग की गई थी।



**महिला ने बताया मर्जी से छोड़ा घर**

ऐसे में कोर्ट में महिला को भी पेश किया गया, जिन्होंने बताया कि उन्होंने अपनी मर्जी से घर छोड़ा है क्योंकि उनका परिवार उनके प्रेम संबंध को स्वीकार नहीं कर रहा था और उन्हें कई परेशानियां दी जा रही थीं। उन्होंने कहा कि वह तीन महीने की गर्भवती हैं और अपने साथी के साथ शादी करके बसना चाहती हैं।

हाईकोर्ट ने कहा कि महिला वयस्क है और अपने फैसले खुद लेने की पूरी आज़ादी रखती है। इसलिए उसके पिता की याचिका में कोई दम नहीं बचा है। कोर्ट ने यह भी माना कि महिला अपने परिवार से खतरे की आशंका रखती है, इसलिए उसकी सुरक्षा जरूरी है।

**कोर्ट ने पुलिस को दिए निर्देश**

कोर्ट ने मुंबई के वाकोला पुलिस स्टेशन को निर्देश दिया है कि वह उस क्षेत्र के स्थानीय पुलिस के साथ संपर्क कर महिला की सुरक्षा सुनिश्चित करे, जहां वह फिलहाल अपने साथी के साथ रह रही है। बता दें कि पुलिस की जांच में भी पता चला कि महिला महाराष्ट्र के बाहर अपने साथी के साथ रह रही है और उसने अपने और साथी की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है क्योंकि उनके परिवार वाले इस रिश्ते के खिलाफ हैं।

## उद्धव और राज ठाकरे की लगातार पांचवीं मुलाकात से हलचल, निकाय चुनाव से पहले गठबंधन की अटकलें तेज

**मुंबई(संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**

मुंबई में ठाकरे परिवार की पारिवारिक आयोजनों ने इस सप्ताह राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बना दिया। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और उनके चचेरे भाई, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) अध्यक्ष राज ठाकरे, लगातार पांचवीं बार एक साथ नजर आए। ऐसे में परिवार की नजदीकी और राजनीतिक समीकरणों की संभावनाओं को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

भाई-दूज के त्योहार के अवसर पर राज ठाकरे की बहन जैजयवंती के घर दोनों नेता एकत्रित हुए। यह इस महीने उनका पांचवां व्यक्तिगत और पारिवारिक मिलन है। इससे एक दिन पहले उद्धव ठाकरे, राज ठाकरे की मां कुंदा ठाकरे और अपनी चाची को उनके जन्मदिन की बधाई देने दादर स्थित घर पहुंचे थे।



**कम से कम 10 बार दिखे साथ**

उद्धव और राज ठाकरे जुलाई 2025 के बाद सार्वजनिक मंच पर कम से कम 10 बार साथ दिखे हैं। 17 अक्तूबर को उद्धव ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना द्वारा आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन किया था। इन मुलाकातों में दोनों परिवारों के बीच बढ़ती सौहार्दपूर्ण संबंधों का संकेत मिला।

**इतिहास और राजनीतिक पृष्ठभूमि**

राज ठाकरे ने 2005 में शिवसेना से अलग होकर एमएनएस की स्थापना की थी। उन्होंने उद्धव ठाकरे को पार्टी से बाहर निकलने का जिम्मेदार ठहराया था। हालांकि, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में दोनों पार्टियों को भारी हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद दोनों नेताओं ने व्यक्तिगत कटुता को पीछे छोड़कर राजनीतिक समन्वय की संभावना तलाशना शुरू किया।

**आगामी राजनीतिक परिदृश्य**

पांच जुलाई को दोनों नेताओं ने संयुक्त रूप से रैली की थी, जिसमें भाजपा-नेतृत महाराष्ट्र सरकार द्वारा प्राथमिक स्कूलों में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में लागू करने के फैसले का विरोध किया गया। आगामी स्थानीय निकाय चुनाव, जो 31 जनवरी 2026 से पहले होने हैं, से पहले शिवसेना (यूबीटी) और एमएनएस के बीच गठबंधन की संभावना बढ़ती दिख रही है। राजनीतिक विशेषज्ञ इसे दोनों पार्टियों की रणनीतिक कोशिश के रूप में देख रहे हैं।

## दुबई से चल रहा था ड्रग्स नेटवर्क, मुंबई पुलिस ने किया पर्दाफाश, सलीम डोला का करीबी गिरफ्तार

**मुंबई(संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**

मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक बड़े ड्रग्स रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए ऐसा नेटवर्क तोड़ा है जो सीधे दुबई से संचालित हो रहा था. पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी मोहम्मद सलीम मोहम्मद सुहैल शेख को गिरफ्तार किया है. बताया जा रहा है कि सलीम शेख न केवल कुख्यात डी-गैंग के ड्रग्स नेटवर्क से जुड़ा था, बल्कि सलीम डोला का बेहद करीबी सहयोगी भी था.

फरवरी 2025 में मुंबई के कुर्ला इलाके में पुलिस ने एक महिला को 641 ग्राम मेफेड्रोन, ?12.20 लाख नकद और ?1.5 लाख के गहनों के साथ पकड़ा था. पूछताछ में महिला ने बताया कि यह ड्रग्स उसे मिरा रोड के साजिद शेख उर्फ डैब्स से मिला था. इस खुलासे के बाद क्राइम ब्रांच ने साजिद को गिरफ्तार किया. उसके घर की तलाशी में पुलिस को 3 किलो एमडी ड्रग्स (कीमत लगभग ?6 करोड़) और ?3.68 लाख नकद बरामद हुए. आगे की जांच में पुलिस को इस नेटवर्क के तार दुबई तक जुड़े हुए मिले.



जांच के दौरान खुलासा हुआ कि सांगली जिले के इरली गांव में ड्रग्स बनाने की अवैध फैक्ट्री चलाई जा रही थी. पुलिस की छापेमारी में वहां से 122.5 किलो मेफेड्रोन (कीमत करीब 245 करोड़), ड्रग्स निर्माण के उपकरण और एक वाहन जब्त किया गया. इस कार्रवाई में अब तक 6 आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया गया.

अब तक की कार्रवाई में पुलिस ने कुल 15 लोगों (14 पुरुष और 1 महिला) को गिरफ्तार किया है. अब तक जब्त की गई संपत्तियों की कुल कीमत ?256 करोड़ से अधिक है, जिसमें शामिल हैं. 126 किलो मेफेड्रोन, ?3.62 करोड़ नकद, सोने के गहने, वाहन और अन्य संपत्तियां हैं.

**दुबई से गिरफ्तार होकर भारत लाया गया मास्टरमाइंड**

मुख्य आरोपी मोहम्मद सलीम शेख लंबे समय से दुबई में छिपा हुआ था. उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था. हाल ही में यूएई पुलिस की मदद से उसे गिरफ्तार कर भारत लाया गया. मुंबई पुलिस ने 22 अक्टूबर 2025 को उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया, और अदालत ने उसे 30 अक्टूबर तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है.

## मुंबई में हिट एंड रन! महिला ने कार से 7 साल के बच्चे का पैर कुचला, मां बोली- जानबूझकर चढ़ा दिया

मुंबई(संवाददाता)। महाराष्ट्र में मुंबई के मालाड इलाके में स्थित एक रेसिडेंशियल कॉम्प्लेक्स में एक्सीडेंट का मामला सामने आया है, जहां एक 7 साल के बच्चे के पैर पर कार चढ़ने से गंभीर चोटें आई हैं। यह दर्दनाक हादसा 19 अक्टूबर को शाम करीब 5 बजे इंटरफेस हाइट्स सोसाइटी के परिसर में हुआ.घटना इमारत में लगे CCTV में कैद हो गई। जिसका वीडियो भी सामने आया है। वहीं अब इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। इस मामले में मुंबई की बांगुर नगर पुलिस स्टेशन ने आरोपी स्वेता शेट्टी राठोड़ महिला के खिलाफल कार्रवाई की है। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत ईर्द दर्ज की है. पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।



घायल बच्चा अन्वय मजुमदार (7) सोसाइटी में अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था तभी एक कार ने उसके पैर को कुचल दिया। इस हादसे के चलते बच्चा बुरी तरह घायल हो गया, और नजदीकी हॉस्पिटल में इलाज के लिए एडमिट किया गया। बच्चे की मां महुआ मजुमदार ने बताया कि उनके दूसरे बेटे ने उन्हें जानकारी दिया कि अन्वय का पैर कुचल गया है।

घटना के अगले दिन बच्चे की मां महुआ मजुमदार ने बांगुर नगर पुलिस स्टेशन में इसकी शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेकर महिला चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

बच्चे की मां ने दावा किया कि यह घटना जानबूझकर और मकसदपूर्ण थी. उनका आरोप है कि आरोपी जो सोसाइटी के सेक्रेटरी की पत्नी हैं। उसने यह लापरवाही और तेज गति से गाड़ी चलाकर उनके बेटे के पैर को कुचल दिया. शिकायत में कहा गया है कि महिला को पता था कि बच्चे खेल रहे हैं और उनका बेटा जमीन पर बैठा था, फिर भी उसने उसे कुचल दिया. घटना के बाद आरोपी ने बच्चे के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए कोई फोन भी नहीं किया।

## ठाणे में 46 लाख रुपये मूल्य का गुटखा, प्रतिबंधित तंबाकू उत्पाद जब्त

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे शहर में पुलिस ने करीब 46 लाख रुपये मूल्य का गुटखा और प्रतिबंधित तंबाकू उत्पाद जब्त किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि कसारवडावली इलाके की एक आवासीय परिसर से प्रतिबंधित माल बेचे जाने की सूचना मिलने पर पुलिस ने मंगलवार को उस परिसर में छापा मारा। पुलिस ने लगभग 46 लाख रुपये मूल्य के विभिन्न कंपनी का प्रतिबंधित गुटखा और तंबाकू उत्पाद जब्त किया और दो व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया, जिनकी पहचान नीलेश चालवाडे (35) और सत्यभान बेहरा (32) के रूप में हुई है। चालवाडे और बेहरा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।



अधिकारी ने बताया कि पुलिस गुटखा के स्रोत और आरोपी व्यक्तियों के वितरण नेटवर्क का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

## फ्रेशर्स पार्टी में डांस के दौरान हुआ झगड़ा, छात्र की पीट-पीटकर हत्या; छह युवक किए गए गिरफ्तार

मुंबई। महाराष्ट्र के लातूर जिले के एक निजी कॉलेज में फ्रेशर्स पार्टी के दौरान कथित तौर पर मारपीट के बाद एक छात्र की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने छह छात्रों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि यह घटना 8 अक्टूबर को लातूर के एमआईडीसी इलाके में स्थित इस प्रसिद्ध कॉलेज में आयोजित फ्रेशर्स पार्टी के दौरान हुई थी।

पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, पार्टी के दौरान डांस करते समय शुरू हुआ मामूली विवाद जल्द ही मारपीट में बदल गया। पीड़ित सूरज शिंदे का साथी छात्रों के एक समूह के साथ पार्टी के दौरान झगड़ा हो गया।





उन्होंने बताया कि गुस्से में आकर छात्रों के समूह ने कथित तौर पर शिंदे पर लाठियों और मुक्कों से हमला कर दिया।

छात्रों द्वारा की गई मारपीट में शिंदे गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें पास के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद, पुलिस ने कॉलेज के एक छात्र की शिकायत के आधार पर हत्या का मामला दर्ज किया और 16 अक्टूबर को चार छात्रों को गिरफ्तार किया गया था।

पुलिस ने बताया कि हमले में संलिप्तता सामने आने के बाद मंगलवार (21 अक्टूबर) को दो और छात्रों को गिरफ्तार किया गया, जिससे गिरफ्तार किए गए छात्रों की संख्या बढ़कर 6 हो गई।

उन्होंने बताया कि सभी छात्रों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिनमें हत्या, जानबूझकर चोट पहुंचाना, खतरनाक हथियारों या साधनों का उपयोग करके गंभीर चोट पहुंचाना, आपराधिक धमकी और शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना आदि शामिल हैं। पुलिस उप-निरीक्षक सुरेश पोगुलवार मामले की जांच का नेतृत्व कर रहे हैं।

## सम्पादकीय

# क्या अमेरिका ने एच1बी वीजा नियमों में लिया यू-टर्न? अब नहीं देना पड़ेगा भारी शुल्क, ट्रंप के नए ऐलान से राहत

करीब एक महीने पहले जब अमेरिका ने आप्रवासन नीति में एक बड़ा बदलाव करते हुए एच1बी वीजा और उसके लिए शुल्क में भारी फेरबदल कर दिया था, तभी से जमीनी स्तर पर उसके असर और खुद अमेरिका को प्रकारांतर से उससे होने वाले नुकसानों को लेकर आशंकाएं जताई जाने लगी थीं। हालांकि तब भी यह उम्मीद की गई थी कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बीते कुछ समय से अमेरिका के हित के नाम पर जिस तरह के फैसले कर रहे हैं, उसमें संभव है कि एच1बी वीजा के संबंध में घोषित नए नियमों की जटिलता और उसके व्यापक असर को देखते हुए फिर किसी बदलाव की गुंजाइश बने।

जब एच1बी वीजा के लिए एक लाख डालर शुल्क लगाने की घोषणा हुई, तो उस पर खासा विवाद शुरू हो गया और इस फैसले के लिए दुनिया भर में ट्रंप की आलोचना होने लगी, तब इस फैसले में बदलाव करके कुछ राहत दी गई कि नया शुल्क नए आवेदकों के लिए होगा। यह वहां वर्षों या दशकों से रह रहे अन्य देशों के प्रवासियों लिए थोड़ी राहत की बात थी, लेकिन इसे लेकर कई आशंकाएं बनी रहीं कि आने वाले दिनों में इसका व्यवहार में कैसा असर पड़ेगा।

एक समस्या यह भी खड़ी हुई थी कि शुल्क की घोषणा तो कर दी गई, लेकिन उसमें किसी तरह की छूट आदि के बारे में स्पष्ट नहीं किया गया था। यही वजह थी कि इस नए नियम से प्रभावित होने वाले लोगों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। अब ट्रंप प्रशासन ने इस संबंध में कुछ बिंदुओं को स्पष्ट किया है कि किन्हें यह शुल्क देना होगा, उसे चुकाने की प्रक्रिया क्या होगी और इसमें छूट के लिए आवेदन कैसे किए जा सकेंगे। अमेरिकी नागरिकता तथा आव्रजन सेवा यानी यूएससीआइएस की ओर जारी नए दिशानिर्देशों के तहत यह शुल्क सभी आवेदकों को नहीं देना होगा।

जिन आवेदकों ने अपनी स्थिति में बदलाव कराने या अमेरिका में प्रवास या अपनी वीजा अवधि बढ़वाने का आवेदन किया है, उन्हें भी यह अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा। इस आदेश में एच1बी वीजा धारक के अमेरिका में आने-जाने पर प्रतिबंध नहीं है। इसका व्यवहार में असर इस रूप में सामने आएगा कि अगर कोई आवेदक किसी दूसरे वीजा, मसलन अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए एफ1वीजा, अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के लिए एल1वीजा पर अमेरिका में दाखिल होता है और वहीं रहते हुए एच1वीजा हासिल करता है, तो उसे नया अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा।

इस नई घोषणा के बाद वहां एच1बी वीजा के दायरे में आने वाले एक बड़े वर्ग और खासतौर पर भारत से वहां गए लोगों के बीच काफी राहत महसूस की जा रही है। गौरतलब है कि इस वीजा के लिए सबसे ज्यादा भारत के ही लोग आवेदन करते हैं। पिछले वर्ष कुल स्वीकृत एच1बी वीजाधारकों में से सत्तर फीसद भारतीय मूल के कर्मचारी थे।

यों भी, भारत से अमेरिका जाने वाले पेशेवरों की संख्या अन्य देशों के लोगों के मुकाबले ज्यादा है। दरअसल, यह समूचा विवाद अमेरिका में अन्य देशों से पहुंचे पेशेवरों से जुड़ा मसला है, जो स्थानीयता और अमेरिकियों के बीच अवसरों के मुद्दे से जोड़ दिया गया है। मगर समय के साथ खुली अर्थव्यवस्था के एक ढांचे के रूप में विकसित होती दुनिया में अमेरिका को उदार रुख अपनाते हुए एक ठोस नीति तक पहुंचना चाहिए। सिर्फ बाहरी माने जाने वाले लोगों पर शिकंजा कस कर या उन्हें बाहर करने का अभियान चला कर वह अमेरिकियों का भला नहीं कर सकता।



# विकसित महाराष्ट्र 2047: स्वप्न से संकल्प तक की यात्रा



प्रोफ़ेसर डॉ. दयानंद तिवारी
प्रवक्ता
भारतीय जनता नता पार्टी
मुंबई, महाराष्ट्र

भारत जब स्वतंत्रता की शताब्दी वर्ष 2047 की ओर बढ़ रहा है, तब 'विकसित भारत' का लक्ष्य केवल केंद्र की मोदी सरकार की ही नहीं बल्कि प्रत्येक राज्य की जिम्मेदारी बन गया है। इसी क्रम में महाराष्ट्र ने भी अपना व्यापक 'विकसित महाराष्ट्र 2047 विजन डॉक्यूमेंट' तैयार किया है यह एक ऐसा ब्लूप्रिंट है जो अगले 22 वर्षों में राज्य को आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और तकनीकी रूप से अग्रणी बनाने की दिशा में कार्ययोजना प्रस्तुत करता है।

फडणवीस सरकार की भविष्य दृष्टि का दस्तावेज़ है महाराष्ट्र विजन 2047 इस विजन की पूर्णता से महाराष्ट्र वैश्विक स्तर पर विकसित राज्यों में अपना स्थान सुनिश्चित करेगा और महाराष्ट्र भारत के विकास का इंजन भी बनेगा।

2047 का स्वप्न - संकल्प से सिद्धि तक

मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस ने इस दस्तावेज़ को 'इतिहास-निर्माण की दिशा' बताया है। उनके अनुसार, यह केवल नीतियों का संग्रह नहीं, बल्कि 'जनता के साथ मिलकर भविष्य लिखने' की एक साझी प्रक्रिया है।

विजन डॉक्यूमेंट को तीन चरणों में विभाजित किया गया हैः -

अल्पकाल (2024 - 2029) - आधारभूत संरचना, नीति सुधार और प्राथमिक लक्ष्यों की पूर्ति।

मध्यकाल (2029 - 2035) - उद्योग, कृषि, डिजिटल अर्थव्यवस्था और सामाजिक संरचनाओं का विस्तार।

दीर्घकाल (2035 - 2047) - सतत विकास, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और सांस्कृतिक नेतृत्व का स्थापन।

राज्य का लक्ष्य – 2027 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था, और 2047 तक 3.5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचना है। यह केवल आर्थिक वृद्धि नहीं, बल्कि शिक्षा, कौशल, नवाचार और समान अवसरों का एक समेकित स्वप्न है।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का नेतृत्व - भविष्य की राज्यशक्ति :-

5 दिसंबर 2024 को मुख्यमंत्री के रूप में तीसरी बार शपथ लेने के बाद देवेंद्र फडणवीस ने विकसित महाराष्ट्र 2047 को सरकार की मुख्य नीति दिशा बनाया।

उन्होंने कहा कि यह दस्तावेज़ 'महाराष्ट्र को भारत ही नहीं, विश्व-स्तर पर प्रतिस्पर्धी राज्य' बनाने की कार्ययोजना है।

उन्होंने प्रत्येक विभाग को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के लक्ष्य 2047 तक के लिए मापनीय (KPI-based) निश्चित मापदंडों के रूप में निर्धारित करें।

सरकार ने 4 लाख से अधिक नागरिकों से सुझाव प्राप्त किए। यह जनसहभागिता मॉडल भारतीय राज्य व्यवस्था में एक नया मापदंड है।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने AI-संचालित शासन, डिजिटल पारदर्शिता और नवाचार-आधारित अर्थव्यवस्था को इस विजन का केन्द्र बताया। उनकी घोषणा के अनुसार राज्य में हर विभाग के निर्णय-प्रक्रिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (Artificial Intelligence) का प्रयोग किया जाएगा।

आर्थिक शक्ति का नया परिदृश्य :-

विजन 2047 महाराष्ट्र को 'फाइनेंस और इनोवेशन हब' के रूप में पुनर्परिभाषित करता है।

मुंबई-पुणे-नाशिक बेल्ट को फाइनेंशियल और नॉलेज कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाएगा।

नागपुर-अमरावती-चंद्रपुर-गोंदिया क्षेत्र को ग्रीन स्टील हब के रूप में घोषित किया गया है, जिस में 3 लाख करोड़ का निवेश प्रस्तावित है। (Gadchiroli Green Steel Hub परियोजना)

कोकण में ब्लू इकोनॉमी और सस्टेनेबल टूरिज़्म पर फोकस होगा।

मुख्यमंत्री ने हाल में कहा, 'महाराष्ट्र की औद्योगिक शक्ति अब सिर्फ़ उद्योगों की संख्या से नहीं, उनकी तकनीकी गुणवत्ता से मापी जाएगी।'

शिक्षा और कौशल - ज्ञान से गौरव तक :-

दस्तावेज़ में शिक्षा को विकास का मूल आधार बताया गया है।

2029 तक GER (ग्रॉस एनरोलमेंट रेशियो) को 70% और 2047 तक 100% करने का लक्ष्य।

स्कूलों में AI, रोबोटिक्स और वोकेशनल लर्निंग को लाना।

हर जिले में 'स्किल डेवलपमेंट हब्स' और 'युवा उद्यमिता केन्द्र' स्थापित करने की योजना।

उच्च शिक्षा में महिला भागीदारी 70% तक ले जाने का लक्ष्य।

इसका उद्देश्य है – 'शिक्षा के माध्यम से रोजगार नहीं, रोजगार के लिए शिक्षा।'

स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा - नागरिक केन्द्रित दृष्टिकोण:-

मुख्यमंत्री फडणवीस ने स्पष्ट कहा कि 'विकसित राज्य की पहचान उसके अस्पतालों की गुणवत्ता से होती है, भवनों की ऊँचाई से नहीं।'

हर नागरिक को सार्वभौमिक स्वास्थ्य बीमा (UHIS) के दायरे में लाना।

e-Health Records, Tele-Medicine सेवाएँ, और मेडिकल ड्रोन डिलीवरी सिस्टम शुरू करना।

ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का डिजिटलीकरण और नर्सिंग ट्रेनिंग संस्थान खोलना।

कृषि और ग्रामीण परिवर्तन :-

विजन 2047 का केन्द्र 'Tech in Agriculture' है।

किसान उत्पादक संघों (FPOs) को डिजिटल मार्केट से जोड़ा जाएगा।

ड्रोन से फसल मॉनिटरिंग और AI-based मौसम पूर्वानुमान सेवा प्रारंभ की जाएगी।

'Agri-Startups Incubation Mission' के तहत 10 हज़ार ग्रामीण युवाओं को उद्यमिता के लिए तैयार किया जाएगा।

यह विकास 'खेती से कमाई' की सोच को नई तकनीकी दिशा दे रहा है।

पर्यावरण और सतत विकास :-

फडणवीस सरकार ने 'ग्रीन महाराष्ट्र मिशन' शुरू किया है जिसके अंतर्गत 2035 तक राज्य को कार्बन न्यूट्रल बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

60 % ऊर्जा नवीकरणीय स्रोतों से।

शहरी क्षेत्रों में ग्रीन कोरिडोर और साइक्लिंग नेटवर्क।

नदियों की सफाई और वॉटर रिचार्ज के लिए 'जलसंवर्धन अभियान 2.0'।

मुख्यमंत्री का उक्त वाक्य यादगार है – > 'विकास का अर्थ प्रकृति के विरुद्ध नहीं, प्रकृति के साथ चलना है।'

शहरीकरण और आधारभूत संरचना :-

मेट्रो नेटवर्क को 2035 तक 300 किमी तक विस्तारित करने की घोषणा।

समृद्धि महामार्ग, मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक, और नागपुर-गोवा कॉरिडोर को विजन 2047 से जोड़ा गया है।

हर जिले में 'स्मार्ट सिटी लाइट मॉडल' के अंतर्गत डिजिटल सेवाएँ, सुरक्षा नेटवर्क और ई-गवर्नेंस सिस्टम लागू करना।

यह विजन राज्य के शहरीकरण को सुविधा, सुरक्षा और सहजता के तीनों स्तंभों पर स्थापित करता है।

संस्कृति, पर्यटन और मानवीय मूल्य :-

दस्तावेज़ में संस्कृति को विकास का अविभाज्य अंग बताया गया है।

पंढरपुर, नाशिक, अजंता-एलोरा, रायगढ़ आदि स्थलों को 'विश्व स्तरीय पर्यटन सर्किट' में विकसित किया जा रहा है।

मराठी और हिंदी साहित्य संरक्षण के लिए संस्कृति कोष स्थापित।

लोककला और हस्तशिल्प को 'कला से अर्थ तक' की नीति से जोड़ना।

शासन संरचना - AI और जनभागीदारी का युग :-

फडणवीस सरकार ने प्रशासन में क्रांतिकारी परिवर्तन शुरू किए हैं:

AI-based decision monitoring system से हर विभाग का कार्य ट्रैक।

One Maharashtra Portal के माध्यम से जनता को सीधा फीडबैक देने का अवसर।

Performance Index के आधार पर अधिकारी और विभाग की वार्षिक रिपोर्ट।

यह नया मॉडल शासन को 'सत्ता से सेवा' में परिवर्तित कर रहा है।

भविष्य का महाराष्ट्र - सपनों से अग्रसर राज्य :-

'विकसित महाराष्ट्र 2047' अब सिर्फ़ एक डॉक्यूमेंट नहीं, बल्कि नीति-संस्कृति का घोषणापत्र है।

मुख्यमंत्री फडणवीस का दृष्टिकोण स्पष्ट है कि 'हमारा लक्ष्य केवल राज्य को समृद्ध बनाना नहीं, बल्कि हर नागरिक को आत्मनिर्भर और गौरवान्वित बनाना है।'

इस विजन से महाराष्ट्र केवल भारत का नेतृत्व नहीं करेगा, बल्कि विश्व के विकसित राज्यों में अपना स्थान सुनिश्चित करेगा।

अतः 2047 का महाराष्ट्र ऐसा होगा जहाँ हर हाथ को रोजगार, हर घर को शिक्षा और हर गाँव तक प्रगति की रोशनी पहुँचेगी। जहाँ नवाचार नीति बनेगा और सहभागिता संस्कृति। जहाँ विकास का अर्थ मनुष्य के कल्याण से होगा। यह फडणवीस सरकार का विजन नहीं, बल्कि पूरे महाराष्ट्र की साझी प्रतिज्ञा है 'शताब्दी भारत के शिखर पर महाराष्ट्र का झंडा लहराएगा।'

# सोचिए आखिरी बार आपने क्या नया सोचा था? वह जीवन क्या जब हर दिन कुछ नया न सोचें, न करें

जीवन कल्पनाओं, विचारों और कर्मों की एक सतत श्रृंखला का दूसरा नाम है। निस्संदेह जीवन सीमित और अनिश्चित है, लेकिन इस सीमित यात्रा में ही हमें विभिन्न प्रकार की परिस्थितियों, दशाओं, अवसरों और समस्याओं से भी परिचित होना पड़ता है। रचनात्मकता एक ऐसा गुण है जो हमारे जीवन को एक सुंदर आकार में ढालते हुए प्रगति की ओर अग्रसर करता है। रचनात्मकता का अर्थ है- कर्म या विचार को लेकर नवीनता उत्पन्न करने की क्षमता। किसी ऐसे विचार का सृजन करना, जो मौलिक हो और पूर्व में मौजूद न हो या फिर उस विचार की परिणति किसी ऐसे कर्म में कर देना, जो पहले घटित न हुआ हो, यह सब कुछ रचनात्मकता की परिधि के अंतर्गत आता है। रचनात्मकता कोई साधारण गुण नहीं है, बल्कि इसमें सामान्य को विशेष में रूपांतरित करने की असीम शक्ति होती है। रचनात्मकता हमें समस्याओं का सटीक समाधान खोजने में सहायता करती है और साथ ही जीवन को एक बेहतर नजरिए से देखने में सक्षम और समर्थ बनाती है।

वर्तमान समय कौशल और दक्षता का समय है और ये दोनों गुण बिना रचनात्मकता के विकसित नहीं हो सकते। रचनात्मकता एक ऐसी शक्ति है, जो विचारों को नया आकार देते हुए कला, साहित्य, विज्ञान या किसी बड़े सामाजिक परिवर्तन में रूपांतरित कर सकती है। हम जरा किसी दिन अपनी दिनचर्या पर गौर करें और रात्रि विश्राम के समय अपनी पूरे दिन की गतिविधियों का आकलन करते हुए यह विचार करें कि हमने आज क्या नया सोचा है, क्या नया सीखा है या क्या नया किया है।

अगर इन सभी प्रश्नों का उत्तर हमारे अंतःकरण के द्वारा 'नहीं' के रूप में दिया जाता है, तो कहीं न कहीं हमारा जीवन सार्थकता से दूर जा रहा है। रचनात्मकता से विहीन जीवन पूर्णतया निरुद्देश्य और निरर्थक होता है। रचनात्मकता जीवन को नीरसता और नीरवता से बाहर निकाल कर अर्थपूर्ण तथा नादपूर्ण बनाती है। मनोविज्ञान के अनुसार, रचनात्मकता मानवीय बुद्धि का सर्वोच्च रूप है। यह विश्लेषणात्मक सोच, कल्पना, संवेदना और अनुभव का संगम है। अगर हम गंभीरता के साथ विचार करें तो निष्कर्ष यह निकलेगा कि हमारा जीवन भी प्रकृति की रचनात्मकता का ही परिणाम है। निश्चित रूप से ऐसे जीवन में, जो स्वयं रचनात्मकता से ही उत्पन्न हुआ है, रचनात्मकता का महत्त्व क्या और कितना होगा, इसे शब्दों में कदापि वर्णित नहीं किया जा सकता।

हमारे अंतर्मन में रचनात्मकता की भावना तभी उत्पन्न हो सकती है, जबकि हम पूर्णरूपेण स्वतंत्रता, तर्कशीलता और जिज्ञासा के भावों से ओतप्रोत हों। रचनात्मक व्यक्ति केवल बाहरी सफलता ही नहीं अर्जित करता, बल्कि आंतरिक संतोष भी प्राप्त कर लेता है। अपने भीतर कुछ विशिष्ट होने का भाव उसे आत्मविश्वास की अनुभूति प्रदान करता है, तनाव से मुक्ति देता है और उसके अंतस में जीवन के प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करता है।

रचनात्मक लोग जीवन की प्रत्येक परिस्थिति को अपने अनुकूल ढालने में सक्षम और समर्थ होते हैं, क्योंकि उनके अंदर समस्या को अवसर और समाधान में रूपांतरित करने की असीम तथा अद्भुत क्षमता होती है। साहित्य, कला, विज्ञान और सामाजिक परिदृश्य- इन सबकी प्रगति की आधारशिला रचनात्मकता में ही निहित होती है। रचनात्मकता नैतिकता और आध्यात्मिकता के साथ भी गहराई से संबद्ध होती है। ऐसे व्यक्ति के अंदर मानवीय मूल्य और सद्गुण उच्च स्तर तक विकसित हो जाते हैं। उसके व्यक्तित्व में अवगुणों के लिए कोई स्थान शेष नहीं रहता। संवेदनशीलता, सहिष्णुता और सकारात्मक दृष्टिकोण बिना रचनात्मकता के विकसित नहीं हो सकते। अपने अंदर रचनात्मकता का गुण विकसित करने के लिए हमें प्रत्येक वस्तु, स्थिति और परिस्थिति के संबंध में प्रश्न और जिज्ञासा से परिपूर्ण दृष्टिकोण निर्मित करना होगा। तर्कपूर्ण और पक्षपातरहित आकलन तथा मूल्यांकन हमें रचनात्मकता की ओर अग्रसर करते हैं।

अपने अंतर्मन को शांत अवस्था में रखते हुए हमें गहन चिंतन और अवलोकन के भाव के साथ जीवन को नवीन दिशा देने का प्रयास करना चाहिए। रचनात्मकता एक आत्मिक साधना है, क्योंकि इसके द्वारा अंतःकरण में छिपे हुए भाव और कौशल निखर कर बाहर आ जाते हैं। दूसरे शब्दों में अगर यह कहा जाए कि रचनात्मकता के माध्यम से हम आत्मसाधना करते हुए स्वयं से जुड़ने का एक सुअवसर प्राप्त करते हैं, तो इसमें कुछ गलत न होगा। रचनात्मकता जीवन में न केवल सौंदर्य का संचार करती है, बल्कि इसे नवीन दिशा और ऊर्जा भी देती है। यह व्यक्ति को जीवंत रखती है, समाज को प्रगतिशील बनाती है और मानवता को उन्नति के पथ पर आगे बढ़ाती है। अगर जीवन में रचनात्मकता न हो, तो वह महज एक छोटी सी दिनचर्या बनकर रह जाएगा। उस जीवन में न तो कोई उत्साह होगा और न ही उसका कोई अर्थ सिद्ध होगा। रचनात्मकता ही वह तत्त्व है, जो वास्तव में हमें जीवित होने का भाव अनुभव कराती है।

रचनात्मकता जीवन का शाश्वत भाव है। यह जीवन में विद्यमान ऐसी सृजनशील धारा है, जो निरंतर बहती रहती है। यह मनुष्य को यांत्रिक अस्तित्व से ऊपर उठा कर चेतन अस्तित्व की ओर ले जाती है। जिस क्षण हम शब्द, विचार या कर्म से किसी भी रूप में सृजन या रचना करते हैं, उसी क्षण हम जीवन के वास्तविक अर्थ को जीते हैं। रचनात्मकता का उद्देश्य है- अपने विचारों, कार्यों और संबंधों में जीवंतता का नवीन प्रकाश उत्पन्न करना। रचनात्मक व्यक्ति का जीवन केवल एक घटना मात्र नहीं होता, बल्कि एक सफल, सार्थक और सकारात्मक उत्सव की भांति होता है। संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि रचनात्मकता ही जीवन की आत्मा है और बिना इसके जीवन नितांत अर्थहीन है।

# स्मोकिंग ने छीन ली है फेफड़ों की जान, ये आसान योग देंगे उन्हें नई जिंदगी, करें ट्राई

सिगरेट-बीड़ी पीने से फेफड़ों में जहरीला धुआं भर जाता है, जिस कारण सांस लेने की क्षमता कम हो जाती है। ऐसे में बहुत से लोग हैं, जिनको घुट-घुटकर सांस आती है। वहीं कम सांस आने का मतलब है कि आपके फेफड़े बीमार हैं। सांस कम आने से कई नुकसान होते हैं, जैसे - दिल पर दबाव बढ़ना, जल्दी थकान महसूस होना, दिल का जल्दी थक जाना, फेफड़ों पर बोझ, मानसिक तनाव, दिमाग पर असर और गंभीर बीमारी आदि के संकेत शामिल हैं।

आपको बता दें कि फेफड़े करीब 6 लीटर हवा को पकड़ सकते हैं, जिसको टोटल लंग कैपेसिटी कहा जाता है। वहीं इसका मतलब यह है कि जब हम पूरी सांस अंदर लेते हैं, तो फेफड़ों में कुल इतनी हवा समा सकती है, जितनी की एक सामान्य वयस्क एक मिनट में 12 से 15 सांसे लेता है। लेकिन स्मोकिंग करने और एक्सरसाइज न करने और अन्य कई कारणों से फेफड़ों की सांस लेने की क्षमता धीरे-धीरे कम होने लगती है। जिस कारण डायाफ्राम कमजोर हो जाती है और फेफड़ों की लोच घट जाती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ऐसे आसन के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको करने से आप फेफड़ों के सांस लेने की क्षमता को बढ़ा सकते हैं।

इसको करने से फेफड़े मजबूत होते हैं। इस आसन को करने के लिए सांस को थोड़ी देर तक रोककर रखा जाता है। सबसे पहले ध्यान मुद्रा में बैठें और रीढ़ को सीधा रखें। फिर 4 सेकेंड तक सांस अंदर लें और फिर 8 सेकेंड तक सांस रोककर रखें। इसके बाद 4 सेकेंड में धीरे-धीरे छोड़ दें। इस आसन को रोजाना करने से फेफड़ों की क्षमता और सांस लेने की शक्ति बढ़ती है।



इंटरकोस्टल ब्रीदिंग का अभ्यास करने से पसलियां और उनसे जुड़ी मांसपेशियां मजबूत होती हैं। इसको करने के लिए आराम से बैठ जाएं और हाथों से पसलियों को पकड़ें। फिर गहरी सांस अंदर लें और पसलियों को फैसने दें। वहीं सांस छोड़ते समय वापस सामान्य स्थिति में आएं। इससे फेफड़ों में ज्यादा हवा भरती है और शरीर को बेहतर तरीके से ऑक्सीजन मिलती है।

इस आसन को बेलोज ब्रीदिंग भी कहा जाता है। इस आसन में तेजी से सांस लेना और छोड़ना शामिल है। इस आसन को करने के लिए पहले ध्यान मुद्रा में बैठें और फिर 1-2 बार लंबी सांस लें और छोड़ें। फिर सांस रोककर पेट को तेजी से अंदर-बाहर करें और इसको कम से कम 5 से 15 बार करना चाहिए। इस आसन को करने से फेफड़े साफ होते हैं, शरीर ऊर्जावान होता है और सांस लेने की क्षमता बढ़ती है।

तड़ासन पूरे शरीर को खींचता है और फेफड़ों को खोलता है। इस आसन को करने के लिए सीधे खड़े हो जाएं और पैरों में 1 फुट की दूरी रखें। अब सांस अंदर लेते हुए हाथों को ऊपर की ओर उठाएं और पंजों के बल खड़े हो जाएं। कुछ देर इस स्थिति में रहते हुए सांस छोड़ते हुए हाथ नीचे आएं। इससे पसलियां और डायाफ्राम मजबूत होती हैं।

इस आसन को करने से फेफड़ों के छोटे-छोटे हिस्से सक्रिय होते हैं। इस आसन को करने के लिए पैरों को 2.5 से 3 फीट की दूरी पर रखकर खड़े हो। फिर सांस अंदर लेते हुए हाथ को सिर के पास ले जाएं और धीरे-धीरे एक तरफ झुकें। थोड़ी देर सांस रोकें और फिर सांस छोड़ते हुए सामान्य स्थिति में वापस आएं। फिर दूसरे ओर से भी यह प्रक्रिया दोहराएं। इससे शरीर में ज्यादा ऑक्सीजन पहुंचता है और फेफड़े मजबूत होते हैं।

# वीकेंड पर बिजनौर के आसपास ढूंढ रहे हैं सुकून और रोमांच, एक्सप्लोर करें ये शानदार जगहें

मेरठ से करीब 65 किमी दूर स्थित बिजनौर यूपी का एक खूबसूरत और प्रमुख जिला है। बिजनौर को पहले नगीना जिला के नाम से भी जाना जाता है। वैसे तो बिजनौर अपनी लकड़ी की नक्काशी यानी कि वुड क्राफ्ट और गन्ना उत्पादन के लिए जाना जाता है। लेकिन यहां बहुत कम ऐसी जगहें मौजूद हैं, जहां पर लोग घूमने के लिए पहुंचते हैं। हालांकि बिजनौर वाले आसपास में स्थित खूबसूरत और शांत जगहों की तलाश करते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बिजनौर से करीब 200 किमी के आसपास स्थित कुछ शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप भी वीकेंड पर फैमिली, पार्टनर और दोस्तों के साथ घूमने के लिए पहुंच सकते हैं।

अगर आप भी ऋषिकेश में भीड़ देखकर हर बार वीकेंड ट्रिप कैंसिल कर देते हैं, तो आपको शिवपुरी जाना चाहिए। शिवपुरी ऋषिकेश से सिर्फ 16 किमी की दूरी पर स्थित है। यह एक शांत और शुद्ध वातावरण वाली जगह है।

गंगा नदी के तट पर बसे शिवपुरी में आपको घने जंगल, ऊंचे-ऊंचे पहाड़ और खूबसूरत दृश्य देखने को मिलेंगे। यहां पर आप नीर वॉटरफॉल से लेकर वशिष्ठ गुफा घूम सकते हैं। ऋषिकेश की तरह शिवपुरी में आप कैंपिंग, रिवर राफ्टिंग और ट्रैकिंग का लुत्फ उठा सकते हैं।

अगर आप भी शहर की भागदौड़ भरी जिंदगी से दूर प्रकृति और पशुओं के बीच कुछ सुकून के पल बिताना चाहते हैं, तो आपको जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क जाना चाहिए। यह भारत का पहला राष्ट्रीय उद्यान है। इस पार्क में प्राकृतिक सुंदरता के साथ हाथी, बाघ, तेंदुआ, भालू, हिरण, जंगली सुअ? और लंगूर आदि कई जानवर देखने को मिलेंगे। आप जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में जंगल सफारी का भी लुत्फ उठा सकते हैं। बता दें कि जंगल सफारी के लिए 3-4 हजार रुपए टिकट होता है।



समुद्र तल से करीब 3 हजार से ज्यादा फीट की ऊंचाई पर स्थित घनसाली उत्तराखंड का एक छिपा हुआ खजाना है। यहां पर बादलों से ढके ऊंचे-ऊंचे पहाड़, झील-झरने और घने जंगल इस जगह की खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं।

घनसाली प्राकृतिक सुंदरता के साथ शांत और शुद्ध वातावरण के लिए भी जाना जाता है। यहां पर आप अपनी फैमिली या फिर पार्टनर के साथ क्वालिटी टाइम बिता सकते हैं। यहां पर आप भिलांगना नदी, गर्कोट गांव और ग्वील जैसी शानदार जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। अगर आप भी हिमालय की हसीन वादियों में सुकून भरे पल बिताना चाहते हैं, तो आपको नैनीताल घूमने पहुंचना चाहिए। यह उत्तराखंड का सबसे खूबसूरत और फेमस हिल स्टेशन में से एक है। यहां पर देश के हर कोने से पर्यटक पहुंचते हैं।

बादलों से ढके ऊंचे पहाड़ और पहाड़ों के बीच में स्थित नैनी झील आपकी ट्रिप को शानदार बना देगी। नैनीताल में नैनी झील के अलावा नैनीताल चिड़ियाघर, केक गार्डन, स्नो व्यू पॉइंट, टिफिन टॉप और नैना पीक जैसी बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। इसके अलावा आप यहां पर एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं।

## प्रदेश में पराली जलाने की बढ़ती घटनाओं ने सरकार की उड़ाई नींद

लखनऊ **(एजेंसी)**। प्रदेश में पराली जलाने की बढ़ती घटनाओं ने कृषि विभाग के अधिकारियों की नींद उड़ा दी है। एनजीटी या सुप्रीम कोर्ट की कार्रवाई से बचाने के लिए शीर्ष अधिकारी गुरुवार को इसे रोकने के उपायों पर मंथन किया। तय किया गया है कि मुख्यालय पर तैनात शीर्ष अधिकारी मौके पर जाकर इसे रोकने का जतन करेंगे। कृषि निदेशक डा. पंकज त्रिपाठी ने कहा है कि शुक्रवार से ये अधिकारी सबसे पहले पश्चिमी उत्तर प्रदेश भेजे जाएंगे। इसके पहले 50 किसानों पर एक नोडल अफसर तैनात किए गए हैं। नोडल अधिकारी 24 घंटें सातों दिन अपने क्षेत्र में किसानों पर नजर रख रहे हैं। इसके साथ ही 15 अक्तूबर से पूरे प्रदेश की सेटेलाइट से निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले साल की तुलना में प्रदेश में पराली जलाने की घटनाओं में कमी आई है। गत वर्ष 21 अक्तूबर तक 723 मामले दर्ज हुए थे, इस साल यह संख्या 660 है। जिला मुख्यालय पर कंट्रोल रूम जिला व कृषि निदेशालय स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसमें लगातार सूचनाएं एकत्र की जा रही हैं। पराली जलाए जाने वाले घटनास्थल पर नोडल अफसर व लेखपाल को भेजने के बाद संबंधित इलाके के तहसीलदार, उप कृषि निदेशक व एडीएम (वि/रा) को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश में पराली जलाए जाने की घटना 21 अक्तूबर तक वर्ष जलाने की संख्या 2020 554 2021 631 2022 204 2023 423 2024 723 2025 660



# व्यापारी को नाक रगड़वाने की घटना पर बवाल, नेता बर्खास्त, विपक्ष हमलावर, भाजपा की साख पर सवाल

लखनऊ **(एजेंसी)**। प्रदेश के मेरठ में तेजगढ़ी चौराहे पर कपड़ा व्यापारी से अभद्रता कर सड़क पर नाक रगड़वाने के आरोप में घिरे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) किसान मोर्चा की जिला इकाई के उपाध्यक्ष विकुल चपराणा के खिलाफ पार्टी ने कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें सभी पदों से हटा दिया है। किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष तेजा गुर्जर ने बुधवार को आदेश जारी कर विकुल को सभी पदों से तत्काल प्रभाव से हटाते हुए उनकी प्राथमिक सदस्यता भी निलंबित कर दी।

इस मामले में पुलिस ने विकुल के तीन सहयोगियों हैप्पी भड़ाना, आयुष शर्मा और सुबोध यादव को भी देर रात गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य की तलाश जारी है। अधिकारियों के अनुसार, इनके खिलाफ दर्ज मुकदमे में मार्ग अवरुद्ध करने और वाहन में तोड़फोड़ करने की धाराएं भी जोड़ी गई हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. विपिन ताडा ने बताया कि व्यापारी सत्यम रस्तोगी से नाक रगड़वाकर माफी मंगवाने की घटना की जांच पुलिस अधीक्षक (नगर) को सौंपी गई है।

विकुल को गिरफ्तारी के बाद अदालत से जमानत मिल गई थी। भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष तेजा गुर्जर ने अपने पत्र में लिखा है कि विकुल का यह आचरण पार्टी की मर्यादा और अनुशासन के



विरुद्ध है तथा यह ''आपराधिक मानसिकता'' को दर्शाता है। घटना के बाद विपक्षी दलों और व्यापारिक संगठनों ने भी मोर्चा खोल दिया है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर से इस्तीफे की मांग की है, जिनका नाम विकुल ने वीडियो में लिया था।

सपा के प्रदेश सचिव विपिन चौधरी और वरिष्ठ नेता मुखिया गुर्जर ने प्रदर्शन कर आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट और राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम लगाने की मांग की है। मेरठ व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष जीतू सिंह नागपाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि व्यापारी वर्ग में भय का वातावरण समाप्त हो। तेजगढ़ी चौराहे पर एक रेस्तरां के बाहर 19 अक्टूबर रात वाहन पार्क करने को लेकर व्यापारी सत्यम रस्तोगी का भाजपा नेता विकुल चपराणा से विवाद हो गया था, जिसके बाद विकुल ने व्यापारी से जबरन नाक रगड़वाकर माफी मंगवाई।

पूरा घटनाक्रम वीडियो में कैद हो गया, जो बाद में इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद राजनीतिक हलकों में हड़कंप मच गया और पुलिस ने देर रात विकुल के खिलाफ कार्रवाई कर मामला दर्ज किया। हालांकि, व्यापारी सत्यम रस्तोगी ने बाद में कहा कि वह पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट हैं और उनका किसी से व्यक्तिगत विवाद नहीं है।

## फिर दिखी सरकारी अस्पताल की बदहाली : बीमार बहन को नहीं मिला स्ट्रेचर

### भाई ने कंधे पर उठाकर अस्पताल गेट तक पहुंचाया

इटावा **(एजेंसी)**। जिले में बने भीमराव अंबेडकर जिला अस्पताल में बुधवार को घटित एक घटना ने स्वास्थ्य व्यवस्था की लापरवाही की पोल खोल दी। इलाज के बाद एक बीमार युवती को स्ट्रेचर न मिलने के कारण उसके भाई को मजबूरन उसे कंधे पर उठाकर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड से लगभग 300 मीटर दूर स्थित मुख्य गेट तक ले जाना पड़ा। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। बता दें कि बसरेहर क्षेत्र निवासी 22 वर्षीय तनु को कमजोरी और बीपी की समस्या के कारण परिजन बुधवार दोपहर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे। इमरजेंसी विभाग में तैनात डॉक्टर शिवम राजपूत ने जांच के बाद एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह दी। तनु का भाई उसे कंधे पर उठाकर पहले अल्ट्रासाउंड और फिर एक्स-रे कक्ष तक ले गया, लेकिन अस्पताल का अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे केंद्र सुबह 11 बजे के बाद बंद हो चुका था। इसके बाद जब उसने अस्पताल प्रशासन से स्ट्रेचर की मांग की, तो किसी ने सहायता नहीं की। मजबूर होकर भाई ने फिर से अपनी बहन को कंधे पर उठाया और इमरजेंसी वार्ड से होते हुए 300 मीटर दूर मुख्य गेट की सड़क तक पैदल पहुंचा, जहां से वह उसे ई-रिक्शा में बैठाकर घर ले गया।



घटना की जानकारी मिलने पर जब पत्रकारों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर संयुक्त जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. परितोष शुक्ला से संपर्क करने की कोशिश की, तो उनका फोन नहीं उठा। इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर शिवम राजपूत ने बताया कि युवती को चक्कर और कमजोरी की शिकायत थी, जिसके चलते एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड के लिए लिखा गया था। उन्होंने यह भी कहा कि बाहर स्ट्रेचर न मिलने की जानकारी उन्हें नहीं है। बतातें चलें की ये पहला मामला जिला अस्पताल से नहीं है ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं लेकिन कोई कठोर कार्रवाई न होने के वजह से ऐसे मामले बार-बार सामने आते रहते हैं।

## छठ महापर्व पर सीएम योगी का सख्त निर्देश- श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए हो विशेष इंतजाम

वाराणसी **(एजेंसी)**। धार्मिक नगरी काशी के अर्धचंद्राकार घाटों पर छठ महापर्व के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। योगी सरकार ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए व्यापक प्रबंध किए हैं। अस्ताचलगामी और उदयाचल सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के लिए लाखों व्रतियों के सैलाब के बीच 11वीं एनडीआरएफ बटालियन की टीमें गंगा घाटों, सरोवरों और कुंडों पर तैनात होंगी। ये टीमें आवश्यक सुरक्षा उपकरणों, वॉटर एम्बुलेंस, गोताखोरों और अन्य बचाव साधनों से सुसज्जित होंगी, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान की जा सके। छठ व्रतियों की सुरक्षा और चिकित्सकीय सहायता सुनिश्चित करने के लिए 11वीं एनडीआरएफ की टीमें गंगा घाटों और सरोवरों पर सक्रिय रूप से तैनात रहेंगी।

11वीं एनडीआरएफ के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि गंगा तटों पर एनडीआरएफ की टीमें तैनात की जाएंगी, ताकि छठ पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था निर्बाध रूप से संचालित हो सके। वाराणसी में गंगा, बरेका (सूर्य सरोवर) और चंदौली में कुल सात टीमें तैनात रहेंगी। प्रत्येक टीम में 30 प्रशिक्षित एनडीआरएफ कर्मी शामिल होंगे। आवश्यकता पड़ने पर टीमों की संख्या बढ़ाई भी जा सकती है। सभी टीमें जीवन रक्षक उपकरणों जैसे रेस्क्यू मोटर बोट, वॉटर एम्बुलेंस, लाइफ जैकेट, लाइफ बॉय, गोताखोर, पैरामेडिकल स्टाफ, ऑक्सीजन सिलेंडर और अन्य बचाव सामग्रियों से लैस होंगी।



## सपा के व्हाट्सएप ग्रुप में वायरल हुआ अश्लील वीडियो! शर्म से झुक गई महिला कार्यकर्ता, बोलीं- ये साजिश है

हापुड़ **(एजेंसी)**। जिले में समाजवादी पार्टी (सपा) के व्हाट्सएप ग्रुप 'समाजवादी पार्टी परिवार' में देर रात एक अश्लील वीडियो और आपत्तिजनक ऑडियो क्लिप वायरल हो जाने से हड़कंप मच गया। कुछ ही मिनटों में ग्रुप में अफरा-तफरी मच गई और महिला कार्यकर्ताओं ने इस हरकत पर कड़ी नाराजगी जताई। अब यह मामला सोशल मीडिया पर 'सपा ब्लू फिल्म कांड' के नाम से तेजी से ट्रेंड कर रहा है।

इस व्हाट्सएप ग्रुप में सपा के जिला, नगर और ब्लॉक स्तर के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और सक्रिय कार्यकर्ता शामिल हैं। देर रात अचानक एक सदस्य के नंबर से पहले एक अश्लील वीडियो और फिर एक महिला की आवाज वाला आपत्तिजनक ऑडियो डाला गया। कुछ क्षणों में ही ग्रुप में गुस्से का माहौल बन गया। कई कार्यकर्ताओं ने एडमिन को टैग करते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की। महिला सदस्यों ने इसे 'संगठन की मर्यादा के साथ खिलवाड़' बताते हुए इसे सपा की छवि खराब करने की साजिश करार दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए सपा जिला संगठन ने एडमिन से जवाब तलब किया है। साथ ही साइबर सेल को वीडियो भेजने वाले नंबर की जांच सौंपी गई है। सूत्रों के अनुसार, उस नंबर को फिलहाल ग्रुप से हटा दिया गया है। वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि यह घटना पार्टी की अनुशासन नीति पर बड़ा धब्बा है और दोषी पाए जाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। हालांकि यह पार्टी का आधिकारिक ग्रुप नहीं है, लेकिन इसके एडमिन सपा के एक वरिष्ठ नेता और पूर्व जिलाध्यक्ष बताए जा रहे हैं। संगठन ने उन्हें तीन दिन में जवाब देने के लिए नोटिस जारी किया है। पूरा मामला अब प्रदेश नेतृत्व तक पहुंच चुका है और रिपोर्ट लखनऊ भेज दी गई है। विवाद के बाद एडमिन ने 'समाजवादी पार्टी परिवार' ग्रुप को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। साथ ही सभी सदस्यों से सोशल मीडिया पर संयम बरतने की अपील की गई है। इस बीच विपक्षी दलों ने भी इस मामले को लेकर सपा पर निशाना साधना शुरू कर दिया है। वहीं पार्टी कार्यकर्ता एक सुर में दोषी की गिरफ्तारी और निष्कासन की मांग कर रहे हैं।



### 5, 000 फेस्टिवल स्पेशल ट्रेने प्रयागराज से होकर गुजरेंगी

## स्टेशन पर डॉग स्क्वायड, बीडीएस के साथ हो रही चेकिंग : सीपीआरओ

### छठ पर्व पर नॉर्थ सेंट्रल रेलवे चलाएगा 650 फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। दीपावली के बाद अब छठ महापर्व को लेकर बड़ी संख्या में महानगरों में रह रहे प्रवासी पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर जा रहे हैं जिसको लेकर भारतीय रेलवे की ओर से भी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं लेकिन लोगों की इतनी ज्यादा भीड़ है कि स्पेशल ट्रेनों में भी लोगों को जगह नहीं मिल पा रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 12 हजार फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें चलाने का ऐलान किया था। हालांकि इसके सापेक्ष 13 हजार स्पेशल ट्रेनें अब तक नोटिफाई भी हो चुकी है।

उत्तर मध्य रेलवे (नॉर्थ सेंट्रल रेलवे) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ( सीपीआरओ) शशि कांत त्रिपाठी ने आज बताया कि अकेले नॉर्थ सेंट्रल रेलवे की ओर से 650 फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। यह सभी ट्रेनें एनसीआर से या तो ओरिजिनेट हो रही हैं या फिर यहां पर टर्मिनेट हो रही हैं। उन्होने बताया कि नॉर्थ सेंट्रल रेलवे दिल्ली, हावड़ा का सबसे ज्यादा बिजी रूट है। रूट पर पूर्वी यूपी और बिहार जाने वाली ट्रेनों की पासिंग भी हो रही है।सीपीआरओ ने बताया कि करीब 5, 000 ऐसी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें हैं जो प्रयागराज से होकर गुजरेंगी। उन्होंने बताया कि अब तक 2400 से ज्यादा स्पेशल ट्रेनें इस रुट से गुजर भी चुकी हैं।




सीपीआरओ ने बताया कि प्रयागराज में प्रतिदिन 265 रेगुलर ट्रेनें आती है लेकिन छठ महापर्व को देखते हुए सभी ट्रेनें फुल चल रही हैं। उन्होंने बताया कि रेलवे में 60 दिन पहले रिजर्वेशन होता है लेकिन सभी ट्रेनों में रिजर्वेशन फुल है और नो रूम दिख रहा है।

सीपीआरओ ने बताया कि प्रयागराज जंक्शन स्टेशन से गुजरने वाली फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों की अगर हम बात करें तो यहां से गुजरने वाली ट्रेनों में स्लीपर से लेकर जनरल कोच पूरी तरह से फुल चल रहे हैं। जिससे यात्रियों को दिक्कतों का सामना भी करना पड़ रहा है। आनंद विहार से कामाख्या जाने वाली ट्रेन जब प्लेटफार्म नंबर - 3 पर पहुंची तो हमने देखा कि स्लीपर कोच में यात्री खचाखच भरे हुए हैं। स्लीपर की हालत जनरल कोच से भी बदतर है। हालांकि कुछ यात्रियों ने यह भी शिकायत की कि कोच में पानी की समस्या है लेकिन ऐसा यात्रियों की भीड़ की वजह से भी हो सकता है कि पानी खत्म हो गया हो। हालांकि रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए काफी इंतजाम किए गए हैं। प्रयागराज जंक्शन स्टेशन की सुरक्षा बढ़ाई गई है। स्टेशन पर लगातार डॉग स्क्वायड और बीडीएस के साथ चेकिंग कराई जा रही है। इसके साथ ही कंट्रोल रूम से भी सीसीटीवी कैमरे की मॉनिटरिंग की जा रही है।


### छठ भजन संध्या की अतिथि होगी महामण्डलेश्वर ममतानंद गिरि

## किन्नर अखाडा के आचार्य महामण्डलेश्वर की अध्यक्षता में होगा कार्यक्रम

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। किन्नर अखाडा की गोरखपुर की महामण्डलेश्वर श्रीश्री 1008 स्वामी कंकेश्वरीनंद गिरि (किरन बाबा) महराज आज प्रयागराज में थी। उन्होंने कहा कि किन्नर अखाडा सनातन धर्म के प्रचार - प्रसार और लोगों को जोडकर सनातन धर्म, संस्कृति को मजबूत करने में लगा हुआ है। उन्होने बताया कि सूर्यषष्ठी का महापर्व छठ के अवसर पर गोरखपुर के आश्रम, पीपीगंज, गौरीशंकर मंदिर, टीचर कालोनी में 29 अक्टूबर बुधवार की शाम छह बजे से भजन संध्या होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामण्डलेश्वर प्रो (डा) लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी महराज और विशिष्ट अतिथि किन्नर श्री श्री 1008 श्री यमाई ममतानंद गिरि (ममता कुलकर्णी)है।

किन्नर अखाड़ा की महामण्डलेश्वर श्रीश्री 1008 स्वामी कंकेश्वरीनंद गिरि महराज (किरन बाबा) ने आज बताया कि महापर्व छठ पर भजन संध्या के बाद व्यापक स्तर पर प्रसाद वितरण कार्यक्रम है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बडी संख्या मे क्षेत्रीय लोग परिवार सहित शामिल होकर भजन संध्या का आनंद उठाएगे।



महामण्डलेश्वर श्रीश्री 1008 स्वामी कंकेश्वरीनंद गिरि (किरन बाबा) ने बताया कि किन्नर अखाडा सनातन धर्म को और मजबूत, संरक्षित करते हुए बडी संख्या में लोगों को जोड रहा है। आज देश, विदेश मे 50 लाख से अधिक लोग किन्नर अखाडा और सनातन धर्म से जुडकर सनातन धर्म को मजबूत कर रहे है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि किन्नर अखाडा के गठन होने के बाद किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामण्डलेश्वर प्रो (डा) लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी महराज के नेतृत्व में सनातन धर्म का प्रचार - प्रसार देश, देश, विदेश में करते हुए भारतीय संस्कृति को मजबूती मिल रही है। महामण्डलेश्वर श्रीश्री 1008 स्वामी कंकेश्वरीनंद गिरि (किरन बाबा) ने बताया कि किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामण्डलेश्वर प्रो (डा) लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी महराज दिल्ली से फ्लाइट से चलकर 28 अक्टूबर को गोरखपुर पहुंच जाएगे।

## बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ प्रयागराज ने 2 साल पूरे किए

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। भारत के प्रमुख फर्टिलिटी एंड आईवीएफ नेटवर्क में से एक, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ ने अपने प्रयागराज सेंटर की दूसरी सालगिरह पर शहर और आस-पास के ज़िलों में जागरूकता अभियान चलाए। मात्र दो वर्षों में यह सेंटर प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, फतेहपुर और आसपास के इलाकों के दंपत्तियों के लिए भरोसेमंद फर्टिलिटी केयर का स्थान बन गया है।

अभिषेक अग्रवाल, सीईओ, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, ने कहाः 'पिछले दो वर्षों में प्रयागराज में हमारा काम सिर्फ शहर तक सीमित नहीं रहा, बल्कि आसपास के इलाकों में भी फर्टिलिटी केयर की जागरूकता और पहुंच बढ़ाने पर केंद्रित रहा है।

### कायस्थ समाज के लोगों ने भगवान चित्रगुप्त का विधि विधान से किया पूजा पाठ

सिद्धार्थनगर। जिले के बांसी में कायस्थ समाज की तरफ से यम द्वितीया के अवसर पर भगवान चित्रगुप्त जी महाराज के सामूहिक पूजन और हवन का कार्यक्रम गौरी स्टेट स्थित राधाकृष्ण मंदिर परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में तहसीलदार मजिस्ट्रेट बांसी पीयूष श्रीवास्तव भी पहुंचे।

राधा कृष्ण मंदिर परिसर में आयोजित समारोह में सतीश चंद्र विजय ने पंडित की भूमिका निर्वाहन की और उन्होंने पूजन कार्य संपन्न कराया उसके उपरांत सभी चित्रांश बंधुओं ने पैड और कागज लेकर भगवान श्री राम का नाम लिखकर लिखने का शुभारंभ किया। सामूहिक पूजन के बाद सामूहिक हवन का कार्यक्रम किया गया उसके उपरांत प्रसाद वितरण हुआ।पूजन कार्यक्रम को वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेमशंकर श्रीवास्तव, अजय कुमार श्रीवास्तव, सुरेन्द्र श्रीवास्तव, सतीश चंद्र विजय, मोहित श्रीवास्तव, डॉ सुशील श्रीवास्तव सागर ने भी संबोधित किया। इस दौरान कृष्ण चंद्र श्रीवास्तव, अनिल कुमार श्रीवास्तव, रवींद्र श्रीवास्तव, अंबिकेश श्रीवास्तव, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सात्विक श्रीवास्तव, रूपेश श्रीवास्तव, भरत किशोर श्रीवास्तव, अनिरुद्ध श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव, बीरू श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, अमित कुमार, संजय श्रीवास्तव, अभिनेश श्रीवास्तव, सत्येंद्र श्रीवास्तव, शिवांश श्रीवास्तव, शुभ श्रीवास्तव, नवीन कुमार बख्शी, प्रदीप कुमार सहित भारी संख्या में मौजूद रहे।

### रमार्थ निकेतन आये डीएसबी इंटरनेशनल स्कूल एवं विदेशी छात्रों का दल

### विद्यार्थियों को स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने दिये अमूल्य जीवनमूल्यों का संदेश

## सफलता, प्रसन्नता और प्रपन्नता यही जीवन की त्रिवेणी : स्वामी चिदानन्द सरस्वती

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज/ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन में डीएसबी इंटरनेशनल स्कूल और विदेशी छात्रों का दल आया। उन्होंने विश्वविख्यात गंगा आरती में सहभाग किया। छात्रों के दल ने परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष, स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी और साध्वी भगवती सरस्वती जी से भेंट कर अपनी आध्यात्मिक जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। छात्रों को जीवन के उद्देश्य, अनुशासन और आत्मसंयम के साथ जीने की प्रेरणा दी।

स्वामी जी ने कहा कि शिक्षा केवल जानकारी नहीं देती, वह जीवन को दिशा भी देती है। शिक्षा के साथ विद्या आवश्यक है, जो विनम्र, संवेदनशील और जागरूक बनाती है। शिक्षा सफल बनाती है, पर विद्या सार्थक बनाती है।

स्वामी जी ने कहा कि आज का समय डिजिटल युग है ऐसे में सोशल मीडिया का उपयोग सकारात्मक रूप में किया जाना चाहिए। उन्होंने छात्रों से कहा कि सोशल मीडिया पर जाना अच्छी बात है, परन्तु उस पर इतना समय व्यतीत न करें कि आपको उसके अलावा कुछ और दिखाई न दे। वह लत न बने। अपने समय का सदुपयोग करें, मोबाइल फास्टिंग और डिजिटल डिटॉक्स अपनाएँ।

स्वामी जी ने युवाओं को संदेश दिया कि कम खाएँ, गम खाएँ और नम जाएँ ये जीवन के तीन मूलमंत्र है। जीवन में संयम ही सच्ची सम्पन्नता है। 'कम खाएँ' अर्थात्



आहार में संतुलन, 'गम खाएँ' अर्थात् कठिनाइयों में धैर्य से काम लें और 'नम जाएँ' अर्थात् अहंकार को त्यागकर विनम्र बनें यही जीवन का सच्चा योग है।

स्वामी जी ने कहा कि जीवन के तीन आयाम हैं आहार, विहार और व्यवहार। शुद्ध आहार, शुद्ध विचार और सरल व्यवहार यही है जीवन का आधार। उन्होंने युवाओं को प्रेरित किया कि वे अपने खानपान, जीवनशैली और व्यवहार में सादगी, संवेदना और सत्यता लाएँ।

स्वामी जी ने कहा कि सफलता, प्रसन्नता और प्रपन्नता जीवन की त्रिवेणी है। जीवन में सफलता आवश्यक है, पर केवल सफलता ही पर्याप्त नहीं। कई बार लोग सफल हो जाते हैं, पर प्रसन्न नहीं रह पाते। सफलता हमारा प्रभाव बढ़ाती है, पर प्रपन्नता (ईश्वर में समर्पण) हमें प्रभु भाव में जीना सिखाती है, यही शांति का द्वार है।

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में तीनों का समन्वय सफलता, प्रसन्नता और प्रपन्नता होना चाहिए। इन तीनों के संगम से ही जीवन में संतुलन, स्थिरता और आनंद संभव है।

स्वामी जी ने युवाओं से कहा कि वे भारतीय संस्कृति की गहराई को समझें और आधुनिकता के साथ अध्यात्म का संगम करें। भारत की युवा शक्ति विश्व की दिशा बदल सकती है, पर उसके लिए आत्मसंयम, सत्य और सेवा का पथ अपनाना आवश्यक है। सोशल मीडिया और तकनीक का उपयोग करें, पर उनके द्वारा नियंत्रित न हों। अपने विचारों को स्वच्छ, हृदय को सरल और कर्म को ईमानदार बनाएं।

उन्होंने कहा कि हर युवा को प्रतिदिन कुछ घन्टे और सप्ताह में कम से कम एक दिन 'मोबाइल फास्टिंग' करनी चाहिए। उस समय को आत्मसंवाद में लगाये और स्क्रीन से नहीं, स्वयं से जुड़ें।

साध्वी भगवती सरस्वती जी से छात्रों ने अपनी आध्यात्मिक जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि जीवन में सबसे बड़ी उपलब्धि अपने भीतर के सत्य को पहचानना है।

# भिवंडी तहसील अव्वल, 'महाराजस्व अभियान' में हजारों लोगों को लाभ

भिवंडी (संवाददाता)

मंत्र न्यूज

राजस्व विभाग के छत्रपति शिवाजी महाराज 'महाराजस्व अभियान' के तहत भिवंडी तहसील ने जिले में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चले इस अभियान में तहसीलदार अभिजीत खोले के नेतृत्व में तीन चरणों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनसे हजारों लोगों को लाभ मिला।

पहले चरण में तालुका के 240 गांवों में खेत और शिवार सड़कों ('पानंद रस्ते') की पहचान और सीमांकन किया गया। अभियान के दौरान नक्शे पर दर्ज 412 और गैर-नक्शाबद्ध 686 सड़कें, कुल 1098 सड़कों का निरीक्षण किया गया। पहले चरण में 8 गांवों की 25 सड़कों का सीमांकन किया गया है, जबकि शेष 1073 सड़कों की माप और निरीक्षण के लिए कार्यक्रम तैयार किया गया है।

दूसरे चरण में आदिवासी कातकरी समुदाय के लिए आवास ('घरकुल') योजना के तहत 55 आवास आदेश वितरित किए गए, जिनमें वन पट्टे की जमीन पर 40 और गाँव की बस्ती ('गावठाण') की जमीन पर 15 आवास शामिल थे। इस दौरान 47 आवास धारकों को स्वामित्व अधिकार प्रदान किए गए और 27 परिवारों को कातकरी आवास योजना ('कातकरी घरठाणा') के आदेश वितरित किए गए।

तीसरे चरण में तहसीलदार खोले के नेतृत्व में आदिवासी पाडों और कॉलोनियों में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में स्वास्थ्य जांच, बच्चों का टीकाकरण, आधार कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र और जन्म पंजीकरण जैसी सेवाएं प्रदान की गईं। अभियान में 46 लोगों को आधार कार्ड, 35 लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड, 337 लोगों को जाति प्रमाण पत्र, 22 लोगों को आय प्रमाण पत्र और 148 कातकरी छात्रों के जन्म पंजीकरण के आदेश जारी किए गए।

तहसीलदार अभिजीत खोले ने बताया कि इस अभियान के तहत कुल 689 लोगों को विभिन्न सेवाओं का लाभ मिला और 129 लोगों को आवास प्रदान करने में मदद की गई। उन्होंने सभी मंडल अधिकारियों, अव्वल कारकून और ग्राम राजस्व अधिकारियों के विशेष प्रयासों की सराहना की।

'महाराजस्व अभियान' से भिवंडी तहसील ने न केवल भूमि और सड़क मामलों में व्यवस्था सुनिश्चित की, बल्कि आदिवासी समुदाय के सामाजिक उत्थान में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# भिवंडी में गोदाम में भीषण आग, सिलेंडर फटा, एक घायल

भिवंडी के राहनाल ग्राम पंचायत क्षेत्र के मुनीसुरत कंपाउंड के महादेव मढवी कॉम्प्लेक्स में स्थित महावीर सिंथेटिक कंपनी का गोदाम इमारत की दूसरी मंजिल पर भीषण आग लग गई। बताया गया है कि यहां रात को लक्ष्मी पूजन के बाद दीये जलाए गए थे। दूसरी मंजिल पर कंपनी का कार्यालय और गोदाम था, जिसमें कपड़ा रखा हुआ था। रात में इस गोदाम में आग लगी और अंदर ही अंदर भड़कती रही, जिसके कारण वहां रखे सिलेंडर में विस्फोट हो गया और गोदाम की दीवारें ढह गईं। घटना की सूचना भिवंडी अग्निशमन दल को तड़के साढ़े चार बजे मिलते ही, उनकी दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और अथक प्रयास करके छह घंटे बाद आग पर काबू पाया। इस दुर्घटना में विजय रघुराज यादव नामक 43 वर्षीय मजदूर घायल हो गया, जिसका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। आग लगने का कारण अभी तक पुलिस द्वारा स्पष्ट नहीं किया गया है, लेकिन इस आग में लाखों रुपये का कपड़े का स्टॉक जलकर राख हो गया है।भिवंडी में इन दिनों आग लगने की घटना में वृद्धि हुई है।पिछले एक सप्ताह में यहां पर आधा दर्जन आग लगने की घट चुकी है।जिसे लेकर लोगों में भय का माहौल व्याप्त है।



ग्राहक को मौत के घाट उतारने की कोशिश

# रात में नशे में बेकाबू हुआ बिजली मिस्त्री

### शराब पीने के बाद विवाद बढ़ा - पत्थर से सिर पर हमला, ग्राहक गंभीर घायल

भिवंडी (संवाददाता)

मंत्र न्यूज


शहर में एक मामूली विवाद के बाद बिजली का काम करने आया मिस्त्री अचानक हमलावर बन गया। आरोपी ने अपने ग्राहक के सिर पर पत्थर से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना पद्मानगर के पोतु अपार्टमेंट क्षेत्र में घटी।

पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता साईकृष्ण पंडलिक समारंभ (35), जो पावरलूम मजदूर हैं, ने अपने घर की वायरिंग का काम करने के लिए साईतेजा तौटम नामक व्यक्ति को बुलाया था। काम पूरा करने के बाद दोनों पास के खाली जमीन पर बैठकर शराब पीने लगे। देर रात करीब साढ़े बारह बजे जब साईकृष्ण अपने घर लौटे, तो उन्होंने देखा कि साईतेजा तौटम बिल्डिंग की सीढ़ियों पर बैठा है। जब साईकृष्ण ने पूछा कि वह वहां क्यों बैठा है, तो आरोपी गुस्से में आ गया। कहासुनी के दौरान उसने पास में पड़ा पत्थर उठाकर साईकृष्ण के सिर पर जोरदार वार कर दिया। घायल होकर वे नीचे गिर पड़े। आरोपी ने उनके सीने पर भी वार करने की कोशिश की, लेकिन स्थानीय लोगों के शोर मचाने पर वह मौके से फरार हो गया।

गंभीर रूप से घायल साईकृष्ण को तुरंत पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। भिवंडी शहर पुलिस ने आरोपी साईतेजा तौटम के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 के तहत हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। पुलिस उप निरीक्षक विराज पवार इस घटना की जांच कर रहे हैं।

# हिमाचल के हमीरपुर में पहाड़ी से टकराई कार, यूपी निवासी की मौत

हमीरपुर। हमीरपुर-ऊना राजमार्ग पर एक कार के पहाड़ी से टकरा जाने के कारण 29 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य शख्स घायल हो गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह घटना बुधवार देर शाम करेर गांव के पास हुई।



गाजियाबाद निवासी सिद्धांत पटल और अमृत दिल्ली से हिमाचल प्रदेश के एक होटल में शादी में शामिल होने जा रहे थे। हादसे में वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया तथा उसमें सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए।

भोटा थाने का एक दल दोनों को हमीरपुर मेडिकल कॉलेज ले गया, जहां चिकित्सकों ने चालक सिद्धांत को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि उसके परिवार वालों को सूचित कर दिया गया है। अमृत अब भी उपचाराधीन है।

उन्होंने बताया कि एक मोड़ पर चालक वाहन पर से अपना नियंत्रण खो बैठा और कार पहाड़ी से जा टकराई। पुलिस अधीक्षक (एसपी) भगत सिंह ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

# साईनाथ खारबाव डेव्हलपर्स में करोड़ों का भूमि घोटाला, दो भागीदारों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

भिवंडी (संवाददाता)

मंत्र न्यूज

भिवंडी तालुका पुलिस ने साईनाथ खारबाव डेव्हलपर्स एलएलपी में करोड़ों की संपत्ति हड़पने के आरोप में गंभीर मामला दर्ज किया है। कंपनी के दो भागीदार पदमशी कल्याणजी गजरा और उनके पुत्र दिपेन पदमशी गजरा पर फर्जीवाड़ा और विश्वासघात का आरोप लगाया गया है।

एफआईआर के अनुसार, हरेश रामजी भानुशाली ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि वे 2012 से कंपनी के भागीदार हैं। कंपनी में कुल 11 सदस्य हैं, जिनमें 'KDK ग्रुप' और 'PKG ग्रुप' मिलकर रियल एस्टेट प्रोजेक्ट संचालित करते हैं। शिकायत में कहा गया कि मौजे खारबाव, तालुका भिवंडी में करीब 3 हेक्टेयर 41 गुंठे जमीन खरीदी गई थी, जिसकी कुल कीमत 11.73 करोड़ रुपये थी।फिर्याद में बताया गया कि भागीदारी करार के अनुसार किसी भी भागीदार को अन्य सदस्यों की लिखित अनुमति के बिना कंपनी की संपत्ति बेचने का अधिकार नहीं था। इसके बावजूद, आरोपी पिता-पुत्र ने 8 अगस्त 2022 को फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी बनवाकर जमीन अपने नाम कर ली। इसके बाद 22 अप्रैल 2025 को 1.70 हेक्टेयर भूमि केवल 2 करोड़ रुपये में नरेशकुमार गजरा को बेच दी, जबकि असली कीमत इससे कई गुना अधिक थी।हरेश भानुशाली ने आरोप लगाया कि यह संपत्ति कंपनी की सामाईक थी और आरोपियों ने व्यक्तिगत स्वामित्व का झूठा दावा कर अन्य भागीदारों को धोखा दिया।पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 316(2), 318(2), 318(4) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। निरीक्षक हर्षवर्धन शंकर बरावे जांच के प्रभारी हैं।पुलिस सूत्रों के अनुसार, जांच में और भी भागीदारों की भूमिका सामने आ सकती है। दस्तावेजों की छानबीन और भूमि अभिलेखों की जांच जारी है। आवश्यक पुष्टि होने पर आरोपियों की गिरफ्तारी की संभावना भी जताई जा रही है।

### नाबालिग से छेड़छाड़, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

भिवंडी। शहर के एक आवासीय परिसर में छह वर्षीय बच्ची से छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। पुलिस ने इस मामले में एक 37 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी के अनुसार, घटना 15 अक्टूबर की सुबह हुई जब नाबालिग बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी। उसी दौरान आरोपी ने उसके साथ अनुचित हरकत की और डराने-धमकाने की कोशिश भी की। बच्ची ने घर आकर यह बात अपने परिजनों को बताई, जिसके बाद तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने 22 अक्टूबर की रात दिनेश कुमार रामअवतार शर्मा नामक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शहर पुलिस ने शर्मा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 और 351(2) सहित बाल लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम (POCSO Act) के तहत मामला दर्ज किया है। फिलहाल आरोपी शर्मा को शहर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी आगे की जांच पुलिस उप निरीक्षक सुरेश ढोले कर रहे हैं।

# भिवंडी में दो गुटों के बीच जमकर मारपीट

## कई घायल – पुलिस ने दो अलग-अलग मामले दर्ज किए

भिवंडी (संवाददाता)

मंत्र न्यूज

शहर के पद्मानगर के एक आवासीय परिसर में दिवाली की रात दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट और तोड़फोड़ तक पहुंच गया। दोनों ही पक्षों की ओर से शिकायतें दर्ज की गई हैं। शहर पुलिस ने इस घटना के संबंध में दो अलग-अलग मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, यह घटना 19 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे की है, जब परिसर में दिवाली के अवसर पर सजावट और आतिशबाजी को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ा और दोनों गुटों के लोगों ने एक-दूसरे पर हमला कर दिया। इस दौरान लाठी-डंडों से वार किए गए और आसपास खड़ी कुछ दोपहिया गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचा। झगड़े में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही शहर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। शहर पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराएं धाराओं के तहत दो अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। पुलिस के अनुसार, झगड़े में शामिल कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है और मामले की आगे जांच जारी है। अधिकारी यह भी पता लगाने में जुटे हैं कि विवाद की शुरुआत किसने की और घटना में किसने कितना नुकसान पहुंचाया।स्थानीय लोगों ने बताया कि इस इलाके में त्यौहारों के दौरान पहले भी झगड़ों की घटनाएं हो चुकी हैं। पुलिस ने एहतियात के तौर पर इलाके में गश्त बढ़ा दी है ताकि आगे कोई अप्रिय घटना न हो। भिवंडी पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 'नागभूषण रामलू अडगटला की शिकायत के आधार पर चंद्रमौली लक्ष्मी नारायण भंडारी, कांदी कोडा प्रकाश,दीपक रमेश दुसा, आंदेसत्यम, चंद्रमौली का लड़का,कंदीकोडा प्रकाश के तीन लड़के,दीपक के जीजा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इस पक्ष में नागभूषण और उनके दोनों लड़के जख्मी है। वही पर दूसरे पक्ष के सत्य नारायण भोजना अंदे की शिकायत पर नागभूषण रामलू अडागटला, व्यंकटरमन नाग भूषण अडागटला और श्याम कुमार नागभूषण अडागला के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जबकि सत्यनारायण आंदे और उनका चचेरा भाई चंद्रमौली जख्मी है। कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।'

# सबरीमाला सोना चोरी मामले में मंदिर बोर्ड के पूर्व अधिकारी मुरारी बाबू गिरफ्तार, एसआईटी ने कस शिकंजा

सबरीमाला सोना चोरी मामलाः केरल के सबरीमाला मंदिर से गायब हुए सोने की जाँच कर रहे विशेष जाँच दल (एसआईटी) ने पूर्व प्रशासनिक अधिकारी बी मुरारी बाबू को गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बाबू, जिन्हें त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) ने सोने की चोरी के मामले में निलंबित कर दिया था, को बुधवार रात चंगनास्सेरी स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया।

यह मामला मंदिर के स्वर्ण-चढ़ाए गए पैनलों से सोने की कथित हेराफेरी और द्वारपालक (संरक्षक देवता) की मूर्तियों पर स्वर्ण-चढ़ाए गए काम में अनियमितताओं से संबंधित है। अधिकारियों ने बताया कि बाद में उन्हें पूछताछ के लिए तिरुवनंतपुरम स्थित अपराध शाखा कार्यालय ले जाया गया। सूत्रों के अनुसार, बाबू के रिश्तेदार गुरुवार सुबह अपराध शाखा कार्यालय पहुँचे। सुबह करीब 10 बजे, एसआईटी ने औपचारिक रूप से उनकी गिरफ्तारी दर्ज की और उनके परिवार के सदस्यों को पूरी प्रक्रिया के बारे में बताया। बाद में उन्हें उनसे मिलने की अनुमति दी गई।

मुरारी बाबू पर क्या आरोप हैं?

अधिकारियों ने बताया कि एसआईटी शाम को बाबू को पठानमथिट्टा स्थित न्यायिक प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश करेगी। एसआईटी विस्तृत पूछताछ के लिए बाबू की पोट्टी ने टीडीबी को द्वारपालक की मूर्तियों पर विद्युत-चढ़ाई का प्रस्ताव दिया, तो बाबू ने बोर्ड को प्रस्ताव भेजा, जिसमें कथित तौर पर कहा गया था कि स्वर्ण-चढ़ाई वाली प्लेटें तांबे की बनी थीं। प्रस्तुत की थी जिसमें द्वारपालक की मूर्तियों और श्रीकोविल के चौखटों से सोना निकालने में बोर्ड के कुछ अधिकारियों की संलिप्तता पर संदेह जताया गया था। सतर्कता विभाग ने



हिरासत की मांग करते हुए अदालत में एक याचिका दायर कर सकती है।

द्वारपालक (संरक्षक देवता) की मूर्तियों की स्वर्ण-चढ़ाई वाली प्लेटों और मंदिर के श्रीकोविल (गर्भगृह) के चौखटों से सोना गायब होने से संबंधित दो मामलों में बाबू को आरोपी बनाया गया है।

2019 में, जब मुख्य आरोपी उन्नीकृष्णन कहा जाता है कि उन्होंने 2025 में पोट्टी की ओर से फिर से ऐसा ही एक प्रस्ताव भेजा था। बाबू हरिपद में उप देवस्वम आयुक्त के पद पर कार्यरत थे, जब उन्हें हाल ही में सेवा से निलंबित कर दिया गया था।

टीडीबी सतर्कता विभाग, जिसने प्रारंभिक जाँच की थी, ने एक रिपोर्ट बाबू और टीडीबी के सात अन्य अधिकारियों द्वारा पोट्टी को सोने से मढ़ी हुई प्लेटें सौंपने में गंभीर चूक की ओर भी इशारा किया था। केरल उच्च न्यायालय के निर्देश पर मामले की जाँच कर रही एसआईटी ने मुख्य आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है।

नौसेना कमांडर्स कॉन्फ्रेंस में बोले नौसेना प्रमुख

# 'आत्मनिर्भर और युद्ध के लिए पूरी तरह तैयार'

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना की द्विवार्षिक कमांडर्स कॉन्फ्रेंस 2025 का दूसरा सत्र गुरुवार से शुरू हुआ। उद्घाटन सत्र में अपने संबोधन के दौरान नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने नौसेना की आत्मनिर्भर बनने की दिशा में काम और भविष्य की योजना पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने नौसेना के जवानों की समर्पण भावना, पेशेवर कौशल और देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा के लिए उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में नौसेना की भूमिका को राष्ट्र के लिए गर्व का विषय भी बताया।

बता दें कि इससे पहले बुधवार को वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने भी नौसेना कमांडरों को संबोधित किया। उन्होंने भारतीय नौसेना की हिंद महासागर क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति और विभिन्न चुनौतियों से निपटने में उसकी भूमिका की प्रशंसा की थी।

नौसेना प्रमुख ने मौजूदा भू-राजनीतिक हालातों पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत की समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए नौसेना की तैयारी, अनुकूलनशीलता और क्षेत्रीय सहयोग बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि नौसेना आज एक 'कॉम्बैट-रेडी और विश्वसनीय फोर्स' के रूप में उभर चुकी है। उन्होंने बताया कि नौसेना ने हाल के महीनों में कई सफल ऑपरेशनों और संयुक्त मिशनों को अंजाम दिया है। साथ ही नई तकनीक, जहाजों और हथियार प्रणालियों की खरीद से नौसेना की क्षमता और बढ़ी है।



इन पहलों को बताया अहम

नौसेना प्रमुख ने महासागर दृष्टिकोण के तहत आईओएस सागर मिशन और AIKEYME अभ्यास जैसी पहलों को भारत को हिंद महासागर क्षेत्र में एक विश्वसनीय सुरक्षा भागीदार के रूप में स्थापित करने की दिशा में अहम बताया। उन्होंने कहा कि नौसेना 2047 तक पूरी तरह आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। तकनीक के क्षेत्र में नवाचार, नए उपकरणों का समावेश और iDEX पहल इसके मजबूत उदाहरण हैं।

अंत में, उन्होंने सात प्रमुख क्षेत्रों युद्ध क्षमता, बल विकास, बेड़े का रखरखाव, नई तकनीक का उपयोग, मानव संसाधन सुदृढ़ीकरण, संगठनात्मक दक्षता और राष्ट्रीय एजेंसियों के साथ तालमेल पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। इसके साथ ही इस बात पर भी जोर दिया कि इन प्राथमिकताओं पर निरंतर काम करते हुए भारतीय नौसेना भारत के समुद्री हितों की सुरक्षा में और अधिक सक्षम बनेगी।

# पंजाब के होशियारपुर में पुलिस पर गोलियां चलाने पर पिता-पुत्र गिरफ्तार

होशियारपुर। पंजाब के होशियारपुर जिले में बृहस्पतिवार को पीछा करने के दौरान पुलिस दल पर कथित तौर पर गोलीबारी करने के बाद एक व्यक्ति और उसके बेटे को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यह घटना गज्जर गांव के पास उस समय हुई जब माहिलपुर थाने और अपराध जांच एजेंसी (सीआईए) की संयुक्त टीम ने मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्धों का पीछा किया।

पुलिस ने बताया कि जब पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, तो दोनों नेगोलियां चला दीं, जिसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। पुलिस की एक गोली केशव बावा के दाहिने पैर में लगी, जबकि उनके पिता कृष्ण गोपाल बाल-बाल बच गए।


गिरफ्तारी के बाद, केशव को होशियारपुर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। एसएसपी संदीप कुमार मलिक ने बताया कि 18 अक्टूबर को माहिलपुर मेंआभूषण की एक दुकान पर हुई गोलीबारी की घटना के बाद से पुलिस अलर्ट थी। उन्होंने कहा, ''हमें इलाके में कुछ संदिग्ध लोगों के घूमने की सूचना मिली थी। उनका हुलिया माहिलपुर की आभूषण की दुकान में हुई गोलीबारी में शामिल संदिग्धों से मिलता-जुलता था। जब हमारी टीम ने उन्हें रुकने का इशारा किया, तो उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। सौभाग्य से, कोई पुलिसकर्मी घायल नहीं हुआ।''

एसएसपी ने बताया कि आरोपियों द्वारा इस्तेमाल की गई फर्जी नंबर प्लेट वाली मोटरसाइकिल, एक देसी हथियार और कारतूस मौके से बरामद किए गए हैं।

# प्रतिबंधित पटाखे फोड़ने और अनुचित व्यवहार करने के आरोप में 153 लोग गिरफ्तार

कोलकाता पुलिस ने दीपावली के बाद हुए जश्न के दौरान विभिन्न कानूनों के उल्लंघन करने के आरोप में 153 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनमें अनुचित व्यवहार और प्रतिबंधित आतिशबाजी छोड़ना शामिल है। यह जानकारी बृहस्पतिवार को एक अधिकारी ने दी। बुधवार को की गई कुल गिरफ्तारियों में से 146 लोगों को अभद्र व्यवहार के लिए गिरफ्तार किया गया जबकि सात लोगों को प्रतिबंधित पटाखे फोड़ने के लिए गिरफ्तार किया गया।

अधिकारी ने बताया कि जुए से संबंधित किसी भी अपराध के तहत कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है, साथ ही पुलिस ने इस दौरान 383 यातायात अभियोग भी शुरू किए। इस अभियान के दौरान, पुलिस अधिकारियों ने 16.95 किलोग्राम प्रतिबंधित आतिशबाजी सामग्री और 14.4 लीटर अवैध शराब भी जब्त की। अधिकारी ने बताया कि यातायात उल्लंघन मामलों में 85 मामले बिना हेलमेट के वाहन चलाने के हैं। साथ ही 37 मामले बिना हेलमेट के पीछे बैठने, 73 लापरवाही से वाहन चलाने और 64 शराब पीकर वाहन चलाने के थे। 124 ऐसे मामले हैं जो अन्य श्रेणी के अपराधों में शामिल थे।



## एसबीआई बना भारत का सर्वश्रेष्ठ बैंक, न्यूयॉर्क में ग्लोबल फाइनेंस से दो बड़े अवॉर्ड

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को विश्व बैंक/आईएमएफ की वार्षिक बैठक के दौरान आयोजित एक कार्यक्रम में न्यूयॉर्क स्थित ग्लोबल फाइनेंस से दो प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। देश के सबसे बड़े ऋणदाता बैंक ने दो खिताब ('वर्ल्ड्स बेस्ट कंज्यूमर बैंक 2025' और 'बेस्ट बैंक इन इंडिया 2025') जीते।

एसबीआई ने बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा कि यह दोहरी मान्यता बैंक की नवाचार, वित्तीय समावेशन और ग्राहक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए वैश्विक बैंकिंग क्षेत्र में उसकी अग्रणी स्थिति को और मजबूत करती है। एसबीआई के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने कहा कि 52 करोड़ ग्राहकों को सेवा देना और रोजाना 65, 000 नए ग्राहकों को जोड़ना प्रौद्योगिकी और डिजिटलीकरण में बड़े निवेश की मांग करता है।

# साइमन हार्मर ने रचा इतिहास, 1000 विकेट क्लब में शामिल दक्षिण अफ्रीका ने रावलपिंडी टेस्ट में पाकिस्तान को हराया

रावलपिंडी **(एजेंसी)**। दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज़ 1-1 से ड्रॉ पर खत्म की, लेकिन आखिरी मुकाबले में स्पिनर साइमन हार्मर ने इतिहास रच दिया। हार्मर ने 1, 000 प्रथम श्रेणी विकेट पूरे कर लिए और यह उपलब्धि हासिल करने वाले चौथे दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज बन गए।

हार्मर ने रावलपिंडी टेस्ट में शानदार गेंदबाज़ी करते हुए 6 विकेट झटके और पाकिस्तान को दूसरी पारी में मात्र 138 रनों पर ढेर कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने अपने करियर का 1, 000वां प्रथम श्रेणी विकेट पूरा किया। वह अब दक्षिण अफ्रीका के बक लेवेलिन (1, 013 विकेट), माइक प्रॉक्टर (1, 417 विकेट) और एलन डोनाल्ड (1, 216 विकेट) के बाद यह कारनामा करने वाले चौथे खिलाड़ी हैं। दुनिया में यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह 217वें गेंदबाज बने। गौरतलब है कि इंग्लैंड के विल्फ्रेड रोड्स के नाम प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सबसे अधिक 4, 204 विकेट का रिकॉर्ड दर्ज है।

मैच के चौथे दिन पाकिस्तान ने अपनी दूसरी पारी 94/4 से शुरू की थी। कप्तान बाबर आज़म (50) और मोहम्मद रिज़वान (16) से उम्मीदें थीं, लेकिन दोनों टिक नहीं सके। हार्मर (6/50) और केशव महाराज (2/34) ने मिलकर पूरी बल्लेबाज़ी लाइनअप को तहस-नहस कर दिया। पाकिस्तान की टीम सिर्फ 138 रन बना सकी और दक्षिण अफ्रीका के सामने जीत के लिए 68 रनों का आसान लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने 12.3 ओवर में ही मैच अपने नाम कर लिया। रयान रिकेल्टन ने 29 गेंदों में नाबाद 25 रन और कप्तान एडन मार्करम ने 45 गेंदों पर 42 रन की शानदार पारी खेली। इस तरह दक्षिण अफ्रीका ने आठ विकेट से जीत दर्ज करते हुए सीरीज 1-1 से बराबर कर दी।


पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 333 रन बनाए थे। अब्दुल्ला शफीक (57), शान मसूद (87) और सऊद शकील (66) ने शानदार अर्धशतक लगाए। शफीक और मसूद के बीच 111 रनों की साझेदारी पारी का मुख्य आकर्षण रही। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज (7/102) ने अपने करियर का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया।

दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी में सेनुरन मुथुसामी (89), कैगिसो रबाडा (71) और ट्रिस्टन स्टब्स (76) ने शानदार योगदान दिया। रबाडा ने अपने करियर का पहला अर्धशतक जमाया और टीम को 404 रनों तक पहुंचाया। इस पारी के दम पर प्रोटियाज को 71 रनों की बढ़त मिली। पाकिस्तान के आसिफ अफरीदी (6/79) और नोमान अली (2/92) सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ रहे।



## एडम जम्पा ने स्टीव वॉ को पीछे छोड़ा, ऑस्ट्रेलिया के सातवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने

एडिलेड **(एजेंसी)**। ऑस्ट्रेलिया के स्पिन गेंदबाज एडम जम्पा ने इतिहास रच दिया है। वह पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव वॉ को पीछे छोड़ते हुए वनडे में ऑस्ट्रेलिया के लिए सातवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने गुरुवार को एडिलेड ओवल में भारत के खिलाफ दूसरे वनडे में यह उपलब्धि हासिल की। जम्पा ने 115 मैचों में 28.33 की औसत से 196 विकेट लिए हैं जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/35 रहा है, जो वॉ के 195 विकेटों से आगे है। इस कलाई के स्पिनर ने 10 ओवर में 60 रन देने के बावजूद चार विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य सफेद गेंद के स्पिनर रहे जम्पा ने वनडे क्रिकेट में अपना 12वां चार विकेट हॉल दर्ज किया। जम्पा ने अय्यर और केएल राहुल को आउट करके ऑस्ट्रेलिया को लगातार सफलताएं दिलाईं। जम्पा ने एक ही ओवर में अक्षर पटेल और नितीश कुमार रेड्डी को आउट करके भारत का स्कोर 226/8 पर ला दिया। जम्पा ने अपने 10 ओवर में 60 रन देकर 4 विकेट लिए। इस मैच की बात करें तो रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर के संघर्षपूर्ण अर्धशतकों और राणा व अर्शदीप सिंह की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत एडिलेड में दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरुआती झटकों के बाद 264/9 के स्कोर पर पहुंच गया। भारत ने अंतिम 10 ओवरों में 66 रन जोड़े। जोश हेजलवुड अपनी कसी हुई लेंथ से बेहद घातक रहे और उन्होंने 10 ओवरों में सिर्फ 29 रन दिए। हालांकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिला।



## एशियाई युवा खेल : रंजना ने पैदल चाल स्पर्धा में रजत पदक जीता

रिफा (बहरीन)। भारतीय युवा एथलीट रंजना यादव ने यहां एशियाई युवा खेलों में लड़कियों की 5, 000 मीटर पैदल चाल स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया। इस भारतीय खिलाड़ी ने 23 मिनट 25.88 सेकेंड के समय से दूसरा स्थान हासिल किया जबकि चीन की लियू शियी 24:15.27 सेकेंड के समय से उनसे आगे पहले स्थान पर रहीं। कोरिया की जियोंग चायेओन ने 25:26.93 सेकेंड के समय से कांस्य पदक जीता। एशियाई युवा खेलों में एथलेटिक्स में यह भारत का पहला पदक था। इससे देश के कुल पदकों की संख्या दो रजत और चार कांस्य हो गई। भारत ने अभी तक कुराश में एक रजत और दो कांस्य के अलावा ताइक्वांडो में दो कांस्य पदक जीते हैं।




# भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में 6.7 -6.9 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी : डेलॉयट इंडिया

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। डेलॉयट इंडिया ने बढ़ती मांग एवं नीतिगत सुधारों के बीच चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था के 6.7-6.9 प्रतिशत की दर से बढ़ने का बृहस्पतिवार को अनुमान लगाया। भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। पेशेवर सेवा कंपनी डेलॉयट ने कहा कि घरेलू मांग में तेजी, उदार मौद्रिक नीति तथा माल एवं सेवा कर (जीएसटी) 2.0 जैसे संरचनात्मक सुधारों से वृद्धि को बल मिलने की संभावना है। कम मुद्रास्फीति, क्रय शक्ति में सुधार के साथ खर्च बढ़ाने में योगदान देगी। डेलॉयट इंडिया की 'भारत आर्थिक परिदृश्य' रिपोर्ट में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.7 से 6.9 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान लगाया गया है जो डेलॉयट के पिछले अनुमान से 0.3 प्रतिशत अधिक है। चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर औसतन 6.8 प्रतिशत बनी हुई है।

डेलॉयट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि त्योहारों के दौरान मांग में वृद्धि उपभोग व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि से होने की संभावना है। इसके बाद मजबूत निजी निवेश की उम्मीद है क्योंकि व्यवसाय अनिश्चितताओं का सामना करने और बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए तैयारी कर रहे हैं। मजूमदार ने कहा, "यह भी अनुमान है कि भारत साल के अंत तक अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ एक समझौता कर लेगा जिससे समग्र निवेश धारणा में सुधार होने की उम्मीद है। पहली एवं तीसरी तिमाही में मजबूत वृद्धि से समग्र वार्षिक वृद्धि को बल मिलने की संभावना है।"

चालू वित्त वर्ष में हालांकि वृद्धि, वैश्विक चुनौतियों को लेकर संवेदनशील बनी हुई है। बढ़ती व्यापार अनिश्चितताएं और अमेरिका के साथ व्यापार समझौता करने में भारत की असमर्थता, ऐसे संभावित जोखिम हैं जो भारत की आर्थिक वृद्धि को प्रभावित कर सकते हैं। महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच पर प्रतिबंध और पश्चिमी देशों में उच्च मुद्रास्फीति, भारत में मुद्रास्फीति के दबाव को बढ़ा सकते हैं।




## पंजाब किंग्स ने नया स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया, पूर्व भारतीय क्रिकेटर को मौका

चंडीगढ़ **(एजेंसी)**। इंडियन प्रीमियर लीग टीम पंजाब किंग्स ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर साईराज बहुतुले को लीग के अगले सत्र के लिए अपना नया स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। भारत के लिए दो टेस्ट और आठ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले 52 साल के बहुतुले सुनील जोशी की जगह लेंगे जो 2023 से यह भूमिका निभा रहे थे।

बहुतुले प्रथम श्रेणी के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी और बेहद सम्मानित कोच हैं। इससे पहले बहुतुले केरल, गुजरात, विदर्भ और बंगाल जैसी घरेलू टीम के अलावा आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के साथ कोचिंग की भूमिका निभा चुके हैं।

पंजाब किंग्स के सीईओ सतीश मेनन ने बहुतुले का स्वागत करते हुए कहा, 'हम वर्षों से पंजाब किंग्स के प्रति समर्पित सेवा और योगदान के लिए सुनील जोशी का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। आगे बढ़ते हुए हम अपने कोचिंग स्टाफ में साईराज बहुतुले का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं।' पंजाब किंग्स की टीम पिछले सत्र में उप विजेता रही थी।




# सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 700 अंक से अधिक उछला, निफ्टी 26, 000 के स्तर पर पहुंचा

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर बढ़ती उम्मीद के बीच बृहस्पतिवार को सेंसेक्स और निफ्टी में शुरुआती कारोबार में तेजी दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 734.36 अंक चढ़कर 85, 160.70 अंक पर और एनएसई निफ्टी 198.3 अंक की बढ़त के साथ 26, 066.90 अंक पर पहुंच गया।

सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से इन्फोसिस, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर लाभ में रहे। हालांकि, इटर्नल और बजाज फिनसर्व के शेयर नुकसान में रहे।

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी फायदे में रहा जबकि जापान का निक्की 225, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट में रहा। अमेरिकी बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे।

अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 2.56 प्रतिशत की बढ़त के साथ 64.19 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) मंगलवार को लिवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 96.72 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। दिवाली बलिप्रतिपदा के अवसर पर बुधवार को शेयर बाजार बंद रहे। मंगलवार को एक घंटे के विशेष मुहूर्त कारोबारी सत्र में सेंसेक्स 62.97 अंक या 0.07 प्रतिशत चढ़कर 84, 426.34 अंक पर और निफ्टी 25.45 अंक या 0.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25, 868.60 अंक पर बंद हुआ था।




## चालू वित्त वर्ष में भारतीय चमड़ा उद्योग के राजस्व में आ सकती है 10-12 प्रतिशत की कमी

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। अमेरिका द्वारा 50 प्रतिशत का भारी शुल्क लगाए जाने के बाद चालू वित्त वर्ष में भारतीय चमड़ा और संबद्ध उत्पाद कंपनियों के राजस्व में 10-12 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। क्रिसिल रेटिंग्स की एक रिपोर्ट में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई। अमेरिका भारतीय चमड़ा उद्योग के लिए एक प्रमुख निर्यात बाजार है।

क्रिसिल रेटिंग्स की रिपोर्ट में कहा गया कि निर्यात पर अधिक निर्भरता होने के कारण, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती, आयकर में कमी, नियंत्रित मुद्रास्फीति और कम ब्याज दर जैसे अनुकूल आर्थिक कारकों के कारण घरेलू मांग में मामूली सुधार के बावजूद कंपनियों की आय में गिरावट आने की आशंका है।

रिपोर्ट कहती है, 'भारत में चमड़ा और संबद्ध उत्पाद उद्योग के राजस्व में इस वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 10-12 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है, क्योंकि अमेरिका द्वारा लगाया गया 50 प्रतिशत शुल्क निर्यात की मात्रा में कमी ला सकता है।'



# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए पाकिस्तान टीम का ऐलान, टी20 टीम में बाबर-नसीम की वापसी

लाहौर **(एजेंसी)**। पूर्व कप्तान बाबर आजम और तेज गेंदबाज नसीम शाह की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला और अगले महीने श्रीलंका तथा जिम्बाब्वे के साथ होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की टी20 टीम में वापसी हुई है। पिछले साल दिसंबर से टी20 प्रारूप से बाहर चल रहे बाबर और नसीम के अलावा युवा आक्रामक बल्लेबाज अब्दुल समद की भी टीम में वापसी हुई है।

पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला 28 अक्टूबर से एक नवंबर तक रावलपिंडी और लाहौर में खेली जाएगी। त्रिकोणीय श्रृंखला भी 17 से 29 नवंबर तक इन्हीं स्थलों पर आयोजित की जाएगी। वर्तमान में रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में दूसरा टेस्ट खेल रहे पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका चार से आठ नवंबर तक फैसलाबाद के इकबाल स्टेडियम में होने वाली तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में भी भाग लेंगे।

इसके बाद 11 से 15 नवंबर तक रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ तीन मैच की एक और एकदिवसीय श्रृंखला खेली जाएगी। नसीम और बाबर पाकिस्तान की एकदिवसीय टीम में भी शामिल हैं। चयनकर्ताओं ने अनुभवी सलामी बल्लेबाज फखर जमां और कलाई के स्पिनर सुफयान मुकीम को नजरअंदाज किया है।

विकेटकीपर बल्लेबाज उस्मान खान को भी टीम में जगह मिली है लेकिन मुहम्मद हारिस टी20 टीम से बाहर हो गए हैं। रहस्यमयी स्पिनर उस्मान तारिक टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें पदार्पण का इंतजार है। एकदिवसीय टीम में फैसल अकरम, हारिस राऊफ और हसीबुल्लाह की वापसी हुई है। टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम : सलमान अली आगा (कप्तान), अब्दुल समद, अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान खान, उस्मान तारिक।

रिजर्व : फखर जमां, हारिस राऊफ, सुफियान मोकिम

एकदिवसीय टीम : शाहीन शाह अफरीदी (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, फैसल अकरम, फखर जमां, हारिस राऊफ, हसीबुल्लाह, हसन नवाज, हुसैन तलत, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद वसीम जूनियर, नसीम शाह, सईम अयूब, सलमान अली आगा।




## विक्रम सोलर को सनश्योर एनर्जी से 148.9 मेगावाट का मिला ठेका

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। सौर समाधान प्रदाता विक्रम सोलर को सनश्योर एनर्जी से 148.9 मेगावाट उच्च दक्षता वाले सौर मॉड्यूल का ठेका मिला है। कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, 595 वॉट पावर वाले ये मॉड्यूल महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में लगाए जाएंगे। इस ठेके के तहत विक्रम सोलर सनश्योर को अपने उन्नत एम10आर एन-टाइप टॉपकॉन मॉड्यूल की आपूर्ति करेगा।

विक्रम सोलर के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक ज्ञानेश चौधरी ने कहा, " भारत के हाल ही में 125 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का आंकड़ा पार करना, हमारी स्वच्छ ऊर्जा यात्रा में बनी गति का एक सशक्त अनुस्मारक है। हम अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों की ओर तेजी से और निर्णायक रूप से बढ़ रहे हैं। सनश्योर एनर्जी के साथ सहयोग इस प्रगति को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।"

सनश्योर एनर्जी के सह-संस्थापक एवं मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी मनीष मेहता ने कहा, " हमारे प्रमुख बाजारों उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में हमारी आगामी परियोजनाओं के लिए विक्रम सोलर के साथ साझेदारी, कुशल निष्पादन के साथ विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



# थक गई हूं, अपूर्वा मुखीजा ने छोड़ी डिजिटल दुनिया, अब करेंगी कुछ नया?

डिजिटल कंटेंट क्रिएटर अपूर्वा मुखीजा ने कंटेंट क्रिएशन के तेजी से बढ़ते व्यावसायीकरण की कड़ी आलोचना की है और इस फील्ड से दूर होने का इशारा दिया है। 'द इंडियन एक्सप्रेस' को दिए एक इंटरव्यू में, मुखीजा ने ऑनलाइन दुनिया को 'एक सर्कस' बताया, जहां मीडिया अच्छी योग्यता के बजाय ज्यादा क्लिक्स के लिए उनका पीछा करते हैं। उन्होंने अपनी थकान जाहिर की और कहा कि वह किसी और चीज पर काम कर रही हैं। कंटेंट क्रिएशन के एक कारोबार में बदल जाने पर अपनी गहरी निराशा जाहिर करते हुए, अपूर्वा मुखीजा ने सवाल किया, 'हम सभी ने इसे मजे के लिए शुरू किया था, और अब लोग इसे एक इंडस्ट्री कहते हैं। यह तो बस कैमरे से बात करने की बात थी, यह इतना गंभीर कैसे हो गया?' उन्होंने प्रासंगिक बने रहने के लिए संघर्ष करने, इवेंट्स में शामिल होने, फ़ोटो खिंचवाने और नेटवर्क बनाए रखने के दबाव को सामने रखा। मुखीजा ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि किसने इस फील्ड का इतना व्यावसायीकरण कर दिया। मैंने इसे कभी इतनी गंभीरता से नहीं लिया। मैं तो बस एक लड़की हूं जो कैमरे से बात करना चाहती है; यह सच में इतना गहरा नहीं है।' लगातार कंटेंट क्रिएशन की मांगों से अपनी थकान को स्पष्ट करते हुए, क्रिएटर ने संन्यास लेने की इच्छा जताई। उन्होंने कहा, 'मैं कंटेंट क्रिएशन से संन्यास लेना चाहती हूं। मैं यह काम बहुत लंबे समय से कर रही हूं, इसलिए मैं कुछ और करना चाहती हूं। मैं किसी और चीज पर काम कर रही हूं। अगर यह अच्छा रहा, तो ठीक है, अगर नहीं, तो मैं हमेशा कंटेंट ही बना रही हूं।'




यह घोषणा अपूर्वा की हाल ही में पब्लिक में लगातार हो रही जांच के बीच आई है। इस साल की शुरुआत में, समय रैना के शो 'इंडिया गॉट लेटेंट' के एक एपिसोड के दौरान की गई टिप्पणियों को लेकर उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था, जिसने राष्ट्रीय महिला आयोग का भी ध्यान खींचा था।

अपूर्वा मुखीजा ने सबसे पहले एक डिजिटल क्रिएटर के रूप में शोहरत पाई, और सोशल मीडिया पर अपने बेबाक हास्य के जरिए एक मजबूत प्रशंसक वर्ग बनाया। डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर उनकी लोकप्रियता ने उनके लिए मनोरंजन इंडस्ट्री के द्वार खोल दिए। अपूर्वा ने रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स इंडिया' से टेलीविजन पर शुरुआत की। करण जौहर द्वारा होस्ट किया जाने वाला यह शो पिछले साल 12 जून को प्राइम वीडियो पर प्रीमियर हुआ था।


# सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को फैमिली देगी कोर्ट में चुनौती, रिया चक्रवर्ती ने शेयर किया पोस्ट

गुरुवार को, दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत के परिवार ने कहा कि वे सीबीआई द्वारा उनकी मौत के मामले में दाखिल की गई क्लोजर रिपोर्ट को कोर्ट में चुनौती देंगे। परिवार ने इस रिपोर्ट को 'बस दिखावा' बताया है।

हिंदुस्तान टाइम्स ने एक्सक्लूसिव रिपोर्ट में बताया कि सुशांत की फैमिली ने एजेंसी द्वारा एक्टर की पूर्व-गर्लफ्रेंड रिया चक्रवर्ती को मिली क्लीन चिट को खारिज कर दिया है। उन्होंने ऐलान किया कि वे इस रिपोर्ट को अदालत में चुनौती देंगे।

परिवार की इस घोषणा से कुछ घंटे पहले, रिया चक्रवर्ती ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक ब्रांडेड पोस्ट शेयर किया। इस पोस्ट में उन्होंने 'मेरे विवादों से मिले 5 सबक' के बारे में बात की।

एक स्किनकेयर ब्रांड के इस विज्ञापन वाले पोस्ट में, रिया फेस मास्क लगाते हुए घर के कई काम करती दिखती हैं। वीडियो के कैप्शन में रिया की पिछली कानूनी लड़ाइयों और विवादों को ट्विस्ट देते हुए लिखा गया था, 'मेरे विवादों से 5 सबक। भरोसा कमाया जाता है, चमक नहीं। यह अंदर से आती है। इसलिए मैंने बायोडांस बायो कोलेजन मास्क चुना, यह मेरी नेचुरल ग्लो को बोलने देता है।' कमेंट सेक्शन में, कई लोगों ने रिया का सपोर्ट किया। इस बीच, सुशांत की मौत की जांच कर रही केंद्रीय जांच एजेंसी ने अपनी क्लोजर रिपोर्ट में कहा था कि एक्टर को गैरकानूनी तौर पर बंधक बनाने या आत्महत्या के लिए उकसाने का कोई सबूत नहीं मिला है। सुशांत के परिवार ने सीबीआई की इस रिपोर्ट का विरोध किया है। उन्होंने इसे 'दिखावा और अधूरा दस्तावेज' बताते हुए कहा कि राजपूत परिवार और उनकी लीगल टीम इस क्लोजर रिपोर्ट को कोर्ट में चैलेंज करेगी।



# रक्षा मंत्रालय ने 79 हजार करोड़ के सौदे को दी मंजूरी, इन आधुनिक हथियारों से थर-थर कांपेंगे दुश्मन देश

नई दिल्ली। देश की सुरक्षा क्षमताओं को और अधिक मजबूत करने की दिशा में केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने करीब 79 हजार करोड़ रुपये के रक्षा सौदों को मंजूरी दी है। इस निर्णय से थलसेना, नौसेना और वायुसेना की युद्धक क्षमता में जबरदस्त इजाफा होगा। यह मंजूरी आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की दिशा में भी एक अहम कदम मानी जा रही है।

23 अक्तूबर 2025 को नई दिल्ली स्थित साउथ ब्लॉक में हुई इस अहम बैठक में तीनों सेनाओं की कई परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई। इस मंजूरी में भारतीय थलसेना के लिए नाग मिसाइल सिस्टम एमके-छ्छ, ग्राउंड बेस्ड मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस सिस्टम और हाई मोबिलिटी व्हीकल्स की खरीद शामिल है। वहीं नौसेना और वायुसेना के लिए भी कई उन्नत हथियार प्रणालियों को मंजूरी दी गई है। इन परियोजनाओं के लागू होने से भारत की रक्षा तैयारियों में बड़ी छलांग लगने वाली है।

थलसेना को मिलेगी नई ताकत

थलसेना के लिए स्वीकृत नाग मिसाइल सिस्टम एमके-II दुश्मन के टैंकों, बंकरों और अन्य किलेबंद ठिकानों को नष्ट करने में सक्षम है। यह मिसाइल सिस्टम 'ट्रैक्ड वर्जन' में होगा, जिसे कठिन इलाकों में भी आसानी से तैनात किया जा सकेगा। ग्राउंड बेस्ड मोबाइल सिस्टम सेना को दुश्मन की रेडियो तरंगों और इलेक्ट्रॉनिक उत्सर्जनों की 24 घंटे




निगरानी की क्षमता देगा, जिससे खुफिया जानकारी जुटाने की गति और सटीकता बढ़ेगी। वहीं हाई मोबिलिटी व्हीकल्स से रसद आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा, जिससे सैनिकों तक भारी सामान और उपकरण कठिन भौगोलिक इलाकों में भी पहुंचाए जा सकेंगे।

**नौसेना की बढ़ेगी समुद्री शक्ति**

भारतीय नौसेना के लिए डीएसी ने लैंडिंग प्लेटफॉर्म डॉक्स, 30 मिमी नेवल सरफेस गन, एडवांस्ड लाइट वेट टॉरपीडो, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल इंफ्रारेड सर्च एंड ट्रैक सिस्टम और स्मार्ट गोला-बारूद की खरीद को मंजूरी दी है। इन आधुनिक प्रणालियों से नौसेना की उभयचर युद्धक क्षमता और समुद्री निगरानी शक्ति में जबरदस्त सुधार होगा।

लैंडिंग प्लेटफॉर्म डॉक्स से नौसेना को थलसेना और वायुसेना के साथ मिलकर उभयचर अभियानों को अंजाम देने में मदद मिलेगी। वहीं, एडवांस्ड लाइट वेट टॉरपीडो को डीआरडीओ की नौसेना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला ने विकसित किया है। ये पारंपरिक, परमाणु और छोटे पनडुब्बियों को निशाना बना सकता है। इसके अलावा 30 मिमी नेवल सरफेस गन से नौसेना और कोस्ट गार्ड को समुद्री डकैती और कम तीव्रता वाले समुद्री अभियानों में मजबूती मिलेगी।

**वायुसेना को मिलेगा अत्याधुनिक सिस्टम**

भारतीय वायुसेना के लिए कॉलैबोरेटिव लॉन्ग रेंज टारगेट सैचुरेशन/डिस्ट्रक्शन सिस्टम और अन्य अत्याधुनिक प्रणालियों की खरीद को मंजूरी दी गई है। यह सिस्टम स्वचालित टेकऑफ, लैंडिंग, नेविगेशन और लक्ष्य क्षेत्र में सटीक हमला करने की क्षमता रखता है। इससे वायुसेना की रणनीतिक हमलावर क्षमता और सटीकता में भारी बढ़ोतरी होगी।

**आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम**

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इन सभी प्रस्तावों से भारत की रक्षा क्षमताएं न केवल आधुनिक होंगी बल्कि स्वदेशी निर्माण को भी बढ़ावा मिलेगा। कई प्रणालियां देश में ही विकसित की जाएंगी, जिससे 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के उद्देश्यों को बल मिलेगा। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इन परियोजनाओं के लागू होने से भारत की तीनों सेनाएं एक नई ऊंचाई पर पहुंचेंगी और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार होंगी।

**नौसेना को मिली स्वदेशी तकनीक से बनी पहली एंटी-सबमरीन युद्धपोत**

भारत की नौसैनिक शक्ति को मजबूती देने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया गया है। कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड ने भारतीय नौसेना को स्वदेशी रूप से निर्मित पहली एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट 'माहे' को सौंप दिया है। यह आठ युद्धपोतों की श्रृंखला में पहला जहाज है, जिसे गुरुवार को कोच्चि में औपचारिक रूप से नौसेना को डिलीवर किया गया।

इस मौके पर सीएसएल के निदेशक डॉएस हरिकृष्णन और 'माहे' के कमांडिंग ऑफिसर कमांडर अमित चंद्र चौबे के बीच हस्ताक्षर हुए। इस दौरान वेस्टर्न नेवल कमांड के चीफ स्टाफ ऑफिसर रियर एडमिरल आर. अधिस्रीनिवासन, वॉरशिप प्रोडक्शन सुपरिंटेंडेंट कमोडोर अनुप मेनन और नौसेना व सीएसएल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## 'आजाद और गंभीर विद्वानों से सरकार की दुश्मनी', प्रोफेसर ओरसिनी के निर्वासन पर भड़की कांग्रेस

नई दिल्ली। वीजा शर्तों के कथित उल्लंघन के कारण नई दिल्ली स्थित आईजीआई हवाई अड्डे से निर्वासित की गईं लंदन यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर फ्रांसेस्का ओरसिनी के मामले पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि ओरसिनी को देश से बाहर करने का फैसला आव्रजन संबंधी औपचारिकताओं के चलते नहीं किया गया बल्कि यह आजाद, गंभीर सोच वाले विद्वानों के प्रति मोदी सरकार की दुश्मनी को दर्शाता है।



लंदन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज में एमिरेट्स प्रोफेसर और हिंदी की विद्वान फ्रांसेस्का ओरसिनी को सोमवार को हांगकांग से नई दिल्ली आने के तुरंत बाद निर्वासित कर दिया गया। गृह मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार वीजा शर्तों के उल्लंघन के कारण ओरसिनी को मार्च 2025 से 'काली सूची' में डाला गया था। जिसके चलते उन्हें हवाई अड्डे से ही वापस भेज दिया गया। कांग्रेस महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने कहा कि दक्षिण एशियाई साहित्य की प्रसिद्ध विद्वान को पांच साल का वैध वीजा होने के बावजूद भारत में प्रवेश से रोक दिया गया।

सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में जयराम रमेश ने लिखा कि 'हिंदी और उर्दू साहित्यिक संस्कृतियों पर ओरसिनी के काम ने भारत की सांस्कृतिक विरासत की हमारी सामूहिक समझ को समृद्ध किया है, जिससे भक्त ब्रिगेड को एलर्जी है।' रमेश ने आरोप लगाया, 'उन्हें देश से बाहर करने का फैसला आव्रजन संबंधी औपचारिकता का मामला नहीं है, बल्कि मोदी सरकार की आजाद, गंभीर सोच वाले, पेशेवर विद्वानों के प्रति दुश्मनी की निशानी है।'

ओरसिनी के निर्वासन पर प्रतिक्रिया देते हुए, इतिहासकार रामचंद्र गुहा ने ओरसिनी को भारतीय साहित्य की एक महान विद्वान बताया। उन्होंने लिखा कि उनके कामों ने हमारी अपनी सांस्कृतिक विरासत की समझ को समृद्ध रूप से बढ़ाया है। गुहा ने एक्स पर लिखा, 'बिना किसी कारण के उन्हें निर्वासित करना एक असुरक्षित, विक्षिप्त और यहां तक कि मूर्ख सरकार की निशानी है।'

## काजीरंगा में गैंडा ही नहीं, 146 प्रजातियों के 1,919 पक्षियों का भी बसेरा; पक्षी विविधता में रिकॉर्ड

गुवाहटी।यूनेस्को सूची में शुमार असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान ने इस वर्ष काटी बिहू बर्ड काउंट 2025 के दौरान पक्षी विविधता का नया विश्वस्तरीय रिकॉर्ड स्थापित किया है। कुल 146 प्रजातियों के 1,919 पक्षियों की पहचान के साथ काजीरंगा ने यह साबित कर दिया कि यह केवल एक सींग वाले गैंडे का घर नहीं, बल्कि पक्षियों के लिए भी पृथ्वी का एक जीवंत स्वर्ग है। इस सर्वेक्षण में दो संकटग्रस्त, छह संकटापन्न (वल्नरेबल) यानी जिन पर खतरा बढ़ रहा है, लेकिन स्थिति अभी इतनी गंभीर नहीं कि वे तुरंत लुप्त हो जाएं और छह निकट संकटग्रस्त प्रजातियों की उपस्थिति दर्ज हुई, जो इसकी पारिस्थितिक महत्ता और संरक्षण क्षमता का वैश्विक प्रमाण हैं।

काजीरंगा की भौगोलिक और पारिस्थितिक संरचना उसे पक्षियों के लिए दुनिया के सबसे उपयुक्त आवासों में शामिल करती है। काटी बिहू बर्ड काउंट में कुल 146 प्रजातियों के 1,919 पक्षी दर्ज किए गए। इनमें से 2 संकटग्रस्त प्रजातियां स्वैम्प ग्रास बैबलर और पलास का फिश ईगल, 6 संकटापन्न प्रजातियां ग्रेट हॉर्नबिल, रिवर टर्न, लेसर अडजुटेंट, स्लेंडर-बिल्ड बैबलर, ग्रेटर स्पॉटेड ईगल और स्वैम्प फ्रैंकोलिन,6 निकट संकटग्रस्त प्रजातियां वुली-नेक्ड स्टॉर्क, नॉर्दर्न लैपविंग, स्पॉट-बिल्ड पेलिकन, ग्रे-हेडेड फिश ईगल, ब्लॉसम-हेडेड पेराकीट, रिवर लैपविंग और बाकी 132 प्रजातियां सामान्य श्रेणी में थीं, जो दर्शाता है कि काजीरंगा सभी स्तरों के पक्षियों के लिए एक संतुलित पारिस्थितिक तंत्र प्रदान करता है।

इस बार के बर्ड काउंट में पांच प्रमुख



क्षेत्र शामिल रहे।अगरातोली रेंज यहां सर्वाधिक 89 प्रजातियां,गामीरी रेंज में 59 प्रजातियां,पानबारी रेंज में 59 प्रजातियां,पानपुर (बिस्वनाथ वन्य प्रभाग) 55 प्रजातियां और लाओखोवा वन्यजीव अभयारण्य में 37 प्रजातियों का मिलन बेहद सुखद है। यह विविधता इस बात की पुष्टि करती है कि हर रेंज की अपनी विशिष्ट पारिस्थितिकी है, जो अलग-अलग प्रजातियों को आकर्षित करती है।

काटी बिहू बर्ड काउंट' कोई सामान्य सर्वेक्षण नहीं बल्कि एक वैज्ञानिक-सामाजिक आंदोलन है। इसके माध्यम से पक्षियों की जनसंख्या, प्रवास पैटर्न और आवासीय परिवर्तन के वैज्ञानिक आंकड़े जुटाए जाते हैं। इन आंकड़ों का उपयोग संरक्षण नीतियों, जलवायु अनुकूलन रणनीतियों और पर्यटन प्रबंधन में किया जाता है।

काटी बिहू बर्ड काउंट 2025 ने यह संदेश दिया है कि जब विज्ञान, समाज और स्थानीय चेतना साथ आते हैं तब जैव विविधता की रक्षा केवल संभव ही नहीं प्रेरक भी बन जाती है। काजीरंगा की यह सफलता भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के लिए एक उदाहरण है जहां प्रकृति और मानव का सह-अस्तित्व पर्यावरण संतुलन की दिशा में ठोस कदम साबित हो सकता है।

इस आयोजन में जिन पक्षियों ने सर्वाधिक ध्यान खींचा उनमें शामिल हैं ग्रेट हॉर्नबिल, ब्लू-नेप्ड पिट्टा, स्पॉट-बिल्ड पेलिकन, स्वैम्प फ्रैंकोलिन, टाइगा फ्लायकैचर, ग्रे-हेडेड वुडपैकर, ब्लू-ईयर्ड बारबेट, लेसर अडजुटेंट और रूबी-चीक्ड सनबर्ड। इनमें से कई प्रजातियां सर्दियों में प्रवास कर भारत आती हैं, जबकि कुछ काजीरंगा की स्थायी निवासी हैं।

## उत्तर रेलवे प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर छठ पर्व मनाने के लिए अपने घर जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए किए विशेष प्रबंध

नई दिल्ली (संवाददाता)

मंत्र न्यूज

उत्तर रेलवे ने दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों, विशेषकर देश के पूर्वी भागों में छठ पर्व मनाने के लिए जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्था की है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एक स्थायी होल्डिंग एरिया बनाया गया है। इसके अतिरिक्त, नई दिल्ली और आनंद विहार टर्मिनल रेलवे स्टेशनों पर अस्थायी होल्डिंग एरिया (टेंटेज) स्थापित किए गए हैं। इन होल्डिंग एरिया में यूटीएस टिकट काउंटर, शौचालय, एटीवीएम, खानपान स्टॉल, 'क्या मैं आपकी मदद कर सकता/सकती हूँ' बूथ, पीए सिस्टम आदि की व्यवस्था है। पर्याप्त रेलवे कर्मचारी यात्रियों का मार्गदर्शन और सहायता कर रहे हैं। 'सुरक्षित और स्वस्थ यात्रा' के आदर्श वाक्य के साथ, दिल्ली मंडल के चिकित्सा विभाग ने त्योहारों की भीड़ के दौरान यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर प्राथमिक चिकित्सा बूथ स्थापित किए गए हैं - नई दिल्ली (यात्री सुविधा केंद्र सहित चार बूथ), पुरानी दिल्ली, आनंद विहार टर्मिनल, हजरत निजामुद्दीन, शकूरबस्ती और गाजियाबाद - इनमें से प्रत्येक स्टेशन पर चौबीसों घंटे सहायता प्रदान करने के लिए एम्बुलेंस




और प्रशिक्षित चिकित्सा दल मौजूद हैं। इन सुविधाओं ने प्राथमिक उपचार से लेकर आपातकालीन स्थिति (18.10.2025 को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शिशु के सुरक्षित प्रसव सहित) तक समय पर चिकित्सा सहायता प्रदान की है, जिससे 16 अक्टूबर 2025 और 21 अक्टूबर 2025 के बीच 634 से अधिक रेल यात्रियों को लाभ हुआ है। दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर नागरिक सुरक्षा कर्मी और उत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के कर्मी सहित अधिकारियों की तैनाती की गयी है। और वे यात्रियों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, महिलाओं आदि का निरंतर मार्गदर्शन और सहायता कर रहे हैं।

दिनांक 21.10.2025 को, दिल्ली क्षेत्र के 6 प्रमुख स्टेशनों - नई दिल्ली, दिल्ली जंक्शन, आनंद विहार टर्मिनल, हज़रत निज़ामुद्दीन, शकूरबस्ती और गाजियाबाद से 1,69,986 अनारक्षित यात्रियों ने इन स्टेशनों से अपनी यात्रा प्रारम्भ की है, जो पिछले वर्ष की इसी तिथि (दिवाली के अगले दिन 01.11.2024) की तुलना में 5.62इ की वृद्धि है। इसी प्रकार, 22 अक्टूबर 2025 को दिल्ली क्षेत्र के 6 प्रमुख स्टेशनों से 1,71,753 अनारक्षित यात्रियों ने इन स्टेशनों से अपनी यात्रा प्रारम्भ की है, जो पिछले वर्ष की इसी तिथि (दिवाली के दूसरे दिन 02 नवंबर 2024) की तुलना में 7.01इ की वृद्धि है।

6 गुजरने वाली विशेष ट्रेनों के अलावा, 30 विशेष ट्रेनें (नई दिल्ली से 9, दिल्ली जंक्शन से 3, आनंद विहार टर्मिनल से 8, हज़रत निज़ामुद्दीन से 3, शकूरबस्ती से 5, रोहतक से 1 और शामली से 1) दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख स्टेशनों से चलाई गयी । कल, 24 अक्टूबर को, दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख स्टेशनों से 17 विशेष ट्रेनें संचालित होंगी।


## भारत-भूटान सीमा पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए उच्चस्तरीय बैठक, नई रणनीति और रोडमैप पर हुई चर्चा

नई दिल्ली। भारत और भूटान ने थिम्फू में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग, सीमा प्रबंधन और मोबाइल सिग्नल स्पिलओवर जैसे मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। यह बैठक भारत-भूटान सीमा प्रबंधन और सुरक्षा पर चौदहवीं बैठक थी, जिसमें दोनों देशों ने भविष्य के इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट और पुलिस क्षमता निर्माण पर भी विचार किया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच सीमा सुरक्षा को मजबूत करना और सीमावर्ती क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ाना था। भारतीय पक्ष की अगुवाई राजेंद्र कुमार, सचिव, सीमा प्रबंधन विभाग, गृह मंत्रालय ने की, जबकि भूटानी पक्ष का नेतृत्व सोनम वांग्येल, सचिव, गृह मंत्रालय ने किया। दोनों पक्षों ने सीमा स्तंभों के रखरखाव और सीमा पार आवागमन के मुद्दों पर भी चर्चा की।

सुरक्षा और सहयोग पर चर्चा

बैठक में द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग



के व्यापक पहलुओं पर विचार किया गया। इसमें सीमाओं पर निगरानी, मोबाइल सिग्नल के प्रभाव, सीमा सुरक्षा बलों का प्रशिक्षण और औद्योगिक चेक पोस्ट की योजना शामिल थी। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में सशस्त्र सीमा बल, लैंड पोर्ट्स अथॉरिटी, दूरसंचार विभाग, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, कस्टम्स और असम, पश्चिम बंगाल, सिक्किम व अरुणाचल प्रदेश सरकारों के अधिकारी शामिल थे।

दोनों देशों की प्रतिबद्धता

दोनों पक्षों ने सौहार्दपूर्ण और रचनात्मक चर्चा की संतुष्टि व्यक्त की और सीमा क्षेत्रों में सुरक्षित, संरक्षित और समृद्ध वातावरण सुनिश्चित करने के लिए सहयोग बढ़ाने का संकल्प दोहराया। बैठक में पारंपरिक और नए क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने पर भी सहमति बनी।

मॉडल के रूप में द्विपक्षीय संबंध

भारत और भूटान के रिश्ते भूगोल, संस्कृति और जन-जन के संबंधों पर आधारित हैं। दोनों देशों ने अपने स्थायी साझेदारी को क्षेत्रीय सहयोग के लिए एक आदर्श मॉडल बताया। पिछली इस तरह की बैठक 2019 में हुई थी। इस बार की बैठक ने यह स्पष्ट किया कि दोनों देशों के बीच सुरक्षा और सीमा प्रबंधन के क्षेत्र में सहयोग लगातार मजबूत हो रहा है।

## टेक-ऑफ से पहले ही मौत की उड़ान! वेनेजुएला में विमान क्रैश, 2 लोगों की मौत

काराकास **(एजेंसी)**। वेनेजुएला के पश्चिमी राज्य ताकीरा की राजधानी सैन क्रिस्टोबल में सोमवार को एक दर्दनाक विमान हादसा हुआ। रिपोर्टों के मुताबिक, एक हल्का निजी विमान रनवे से उड़ान भरते ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसा इतना भीषण था कि विमान में सवार दोनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें विमान को टेक-ऑफ की कोशिश करते देखा जा सकता है। कुछ ही सेकंड बाद विमान अचानक असंतुलित होकर ज़मीन से टकरा जाता है और आग के गोले में तब्दील हो जाता है। यह दृश्य इतना भयावह था कि देखने वालों की रूह कांप उठी।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विमान ने रनवे पर तेज गति पकड़ी थी, लेकिन कुछ क्षणों में उसका संतुलन बिगड़ गया। विमान ज़मीन से उठने से पहले ही बेकाबू होकर क्रैश हो गया और उसमें आग लग गई। मौके पर भगदड़ मच गई, वहीं दमकलकर्मियों ने तुरंत पहुंचकर आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक दोनों यात्रियों की मौत हो चुकी थी।

वेनेजुएला की सिविल एविएशन अथॉरिटी ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती रिपोर्ट में सामने आया है कि विमान के इंजन में मैकेनिकल फेल्योर हुआ था, जिसके कारण वह टेक-ऑफ के दौरान पर्याप्त गति नहीं पकड़ सका।

स्थानीय पुलिस, दमकल और प्रशासनिक टीमें राहत कार्य में जुटी हुई हैं। दोनों शवों को मलबे से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं, ब्लैक बॉक्स और इंजन के पुर्जे जब्त कर लिए गए हैं ताकि तकनीकी जांच से हादसे के सही कारणों का पता लगाया जा सके।

## अमेरिकी रक्षा मंत्री ने सिख सैनिकों की दाढ़ी-मूंछ पर दिया विवादित बयान

### मच गया बवाल! सांसद थॉमस बोले- 'यह अपमान

वाशिंगटन **(एजेंसी)**। अमेरिका में सिख समुदाय के सैनिकों की चिंताओं को उजागर करते हुए एक प्रमुख सांसद ने रक्षा मुख्यालय पेंटागन से अपील की है कि वह सभी सैन्य कर्मियों के दाढ़ी-मूंछ मुंडवाने की अनिवार्यता संबंधी नीति पर पुनर्विचार करे। उन्होंने कहा कि बाल और दाढ़ी न कटवाना सिख धर्म का मूल सिद्धांत है। अमेरिकी कांग्रेस सदस्य थॉमस आर. सुवोजी ने हाल ही में रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को लिखे पत्र में कहा कि सिखों ने पहले और दूसरे विश्व युद्ध सहित पीढ़ियों से अमेरिकी सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ाई लड़ी है।

उन्होंने कहा, ''सिखों के लिए देश की सेवा करना एक पवित्र कर्तव्य है, जो 'संत-सिपाही' आदर्श का प्रतीक है। सिख धर्म में केश न काटना और दाढ़ी रखना ईश्वर के प्रति भक्ति का प्रतीक है।'' सुवोजी ने कहा कि सैन्य अनुशासन और वर्दी मानकों का महत्व है लेकिन धार्मिक या चिकित्सीय आधार पर छूट दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सिख, मुस्लिम और अफ्रीकी-अमेरिकी समुदाय के कुछ सदस्य चिंतित हैं कि यदि ''दाढ़ी प्रतिबंध'' बिना किसी अपवाद के लागू हुआ, तो वे सेना में सेवा नहीं कर पाएंगे।

पिछले महीने अमेरिकी जनरल और अधिकारियों को संबोधित करते हुए हेगसेथ ने कहा था, ''हम अपने बाल कटवाने जा रहे हैं, दाढ़ी मुंडवाने जा रहे हैं और मानकों का पालन करने जा रहे हैं... गैर-पेशेवर दिखने का युग खत्म हो गया है।

## गाजा नीति को लेकर मतभेद उजागर नेतन्याहू ने एनएसए को किया बर्खास्त

### अमेरिका उपराष्ट्रपति जेडी वेंस बोले-'स्थिति उम्मीद से बेहतर'

यरूशलम **(एजेंसी)**। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और अन्य दूतों ने मंगलवार को गाजा में नाजुक युद्धविराम समझौते पर आशावादी रुख व्यक्त करते हुए कहा कि स्थिति उम्मीद से बेहतर है। वेंस ने इजराइल में नागरिक और सैन्य सहयोग के लिए बने नए केंद्र का दौरा करने के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने स्वीकार किया कि हाल में हिंसा की कुछ घटनाएं हुई हैं लेकिन दो साल तक चले इजराइल-हमास युद्ध के बाद 10 अक्टूबर से लागू युद्धविराम को लेकर ''उम्मीद से बेहतर'' प्रगति है।इस बीच, नेतन्याहू ने मंगलवार को अपने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार त्ज़ाची हनेगबी को बर्खास्त कर दिया। मीडिया में आयी खबरों के अनुसार, हनेगबी ने मार्च में गाजा में इजराइल का सैन्य अभियान फिर से शुरू करने का विरोध किया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के पश्चिम एशिया के दूत स्टीव विटकॉफ ने कहा, ''हम वहां तक पहुंच चुके हैं, जहां तक अब तक पहुंचने की हमने कल्पना नहीं की थी।'' वे युद्धविराम के बीच शांति के लिए दीर्घकालिक योजना पर प्रश्न उठने के बाद इजराइल की यात्रा कर रहे हैं। युद्धविराम समझौते के बीच ये प्रश्न बने हुए हैं कि क्या हमास निरस्त्रीकरण करेगा, गाजा में अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा बल कब और कैसे तैनात किया जाएगा तथा युद्ध के बाद इस क्षेत्र पर कौन शासन करेगा।

वेंस ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि यह शांति लंबे समय तक कायम रहेगी, लेकिन साथ ही चेतावनी दी कि अगर हमास सहयोग नहीं करता, तो उसे ''मिटा दिया जाएगा''। वहीं, राष्ट्रपति ट्रंप के दामाद जेरेड कुश्नर ने युद्धविराम की जटिलता पर कहा, ''दोनों पक्ष दो साल की भीषण लड़ाई से अब शांति की स्थिति में आने की कोशिश कर रहे हैं।'

Facebook: https://www.facebook.com/profile.phpid=100063787346044 Twitter: https://twitter.com/mantrabharatt=8tJONQ7H-h6EKqqap2tVMw&s=08 Mobile No: 7007837917

मंत्र भारत : R.N.I. MAHHIN/ 2016/65841 स्वात्वाधिकारी राकेश शर्मा के लिए राकेश शर्मा द्वारा AIS Printing solution प्लॉट नं0-A- 544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एमआईडीसी माहपे-नवी मुंबई, थाने 400709 से मुद्रित एवं शाप.नं. 36, द्वितीय तल, प्लाट -490.1. जाम मील बिल्डिंग, डॉ बाबा साहेब अम्बेकर रोड, लाल बाग परेल, मुम्बई-400012प्रकाशित एवं सम्पादित । कार्यालय : शाप.नं. 36, द्वितीय तल, प्लाट -490.1. जाम मील बिल्डिंग, डॉ बाबा साहेब अम्बेकर रोड, लाल बाग परेल, मुम्बई-400012 । फोन : 022-24706563 । कार्यकारी सम्पादक- योगेन्द्र चौधरी
E-Mail : editormantrabharat@gmail.com mantrabharatmumbai@gmail.com । सम्पादक : विनोद आर शर्मा, मोबाइल : 7007837917 । समूह सम्पादक : डॉ दयानन्द तिवारी। वैधानिक सूचना : मंत्र भारत से संबंधित समस्त विवाद निपटारे के लिए मंत्र प्रधान कार्यालय क्षेत्र प्रयागराज/इलाहाबाद न्यायालय ही होगा। प्रधान कार्यालयः 80ए मेंहदौरी, तेलियरगंज, प्रयागराज-211004 (नोटः कानूनी पत्र व्यवहार का पता प्रधान कार्यालय ही होगा।)